राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन युद्धपोतों... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 16 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 315, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## अब 9ए कोटला रोड होगा कांग्रेस मुख्यालय का नया पता-252 करोड़ में बने 'इंदिरा भवन' का सोनिया गांधी ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय का आज उद्घाटन हो गया है। सोनिया गांधी ने पार्टी के नए दफ्तर का उद्घाटन किया। इसके बाद अब पार्टी का नया पता बदलकर 9 कोटला रोड हो गया है।

इससे पहले कांग्रेस का मुख्यालय 24 अकबर रोड पर था। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कई अन्य बड़े नेताओं की उपस्थिति में नए मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया गया।इस दफ्तर को 252 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। कांग्रेस के नए दफ्तर के ग्राउंड फ्लोर पर बाईं तरफ हाई टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम



तैयार किया गया है। नई इमारत के बिल्कुल बीच में रिसेप्शन है। इमारत के बाईं तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी का दफ्तर होगा। इसके साथ ही टीवी डिबेट के लिए छोटे-छोटे साउंडप्रूफ चैंबर बने हुए हैं। इसके बगल में पत्रकारों और कैमरापर्सन के लिए सिटिंग रूम भी बनाए गए हैं।इमारत की पहली मंजिल पर बाईं तरफ विशेष कार्यक्रमों के लिए हाईटेक ऑडिटोरियम बनाया गया है। इसके साथ ही किसान विभाग, डेटा डिपार्टमेंट जैसे कई विभाग बनाए गए हैं। इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिकारियों के ऑफिस होंगे। पांचवी मंजिल पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का दफ्तर होगा। इस मंजिल के बीचोबीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का ऑफिस होगा।

## नौसेना को सौंपने से पहले ही क्रैश हुआ अडानी का ड्रोन, पोरबंदर में चल रही थी टेस्टिंग

**पोरबंदर (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन का पोरबंदर तट पर परीक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा



निर्मित इस ड्रोन का नौसेना को सौंपे जाने से पहले परीक्षण किया जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। दृष्टि 10 स्टारलाइनर एक मध्यम ऊंचाई वाला लंबी दूरी का ड्रोन है, जिसे इजरायली डिफेंस फर्म एल्बिट सिस्टम्स के सहयोग से विकसित किया गया है। यह ड्रोन 70त्न स्वदेशी है और 36 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है। 450 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने की क्षमता वाला यह ड्रोन निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय नौसेना ने पहले ही दृष्टि 10 को अपने बेड़े में शामिल कर लिया था। इसे सेना और नौसेना की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से खरीदा गया था। प्रत्येक दृष्टि 10 ड्रोन की कीमत लगभग 145 करोड़ रुपये है।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### मेहंदीपुर बालाजी में एक ही परिवार के 4 शव मिले, मचा हड़कंप; संकट के समाधान के लिए आए थे मंदिर

**दौसा (आरएनएस)।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में अपने संकट के समाधान के लिए आए एक ही परिवार के 4 शव धर्मशाला से बरामद हुए हैं। धर्मशाला का कर्मचारी जब सफाई करने के लिए रूम में पहुंचा तो उसने मौक पर चार शव पड़े देखे, जिसमें दो शव बिस्तर पर तो 2 शव नीचे पड़े हुए



थे। धर्मशाला के कर्मचारी की सूचना पर पहुंची टोडाभीम थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि कमरे में मृत मिले चारों लोगों की मौत 2 से 3 घंटे पहले ही हुई है। चारों मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं, जिनमें पिता, मां और बेटा, बेटी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में सुरेंद्र कुमार पिता, मां कमलेश, बेटा नितिन, बेटी नीलम के शव मिले हैं। परिवार देहरादून का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पुलिस द्वारा हर एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। संभावना है कि चारों ने सामूहिक रूप से आत्महत्या किया है। घटना की सूचना पर पहुंचे टोडाभीम थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा और स्थानीय चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने मौके का जायजा लिया। साथ ही साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया है।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, साथ ही आप के वरिष्ठ नेता



और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी मुकदमा चलाने को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2021-22 शराब घोटाला मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी को केजरीवाल पर पीएमएलए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। बाद में केजरीवाल के नेतृत्व वाली तत्कालीन आप सरकार ने इस नीति को खत्म कर दिया था। यह कदम नवंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए उस फैसले के बाद उठाया गया, जिसमें कहा था कि ईडी को भी मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 (1) (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218) के तहत मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई की तरह पहले मंजूरी लेनी होगी। दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया को तब रोक दिया था, जब उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में यह चुनौती दी थी कि पीएमएलए के तहत अभियोजन की मंजूरी के बिना आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पिछले महीने पूर्व सीएम केजरीवाल पर मुकदमा चलाने के लिए एजेंसी को मंजूरी दे दी थी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट दाखिल करने वाली सीबीआई को अगस्त 2024 में शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में जरूरी स्वीकृति मिल गई थी। ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और चार्जशीट में उनका नाम दर्ज किया।

केजरीवाल वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। चार्जशीट में ईडी ने दावा किया कि उन्होंने गोवा चुनाव में अभियान के लिए कुछ शराब व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के लिए रिश्वत ली थी। जांच एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल राष्ट्रीय संयोजक और आप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे धन और उत्पन्न धन के लिए जिम्मेदार थे।

## दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी शून्य

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। राष्ट्रीय राजधानी में विजिबिलिटी बेहद कम है। मौसम विभाग ने घना कोहरा और बारिश को

### ट्रेन और बस सेवा प्रभावित, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आसमान में भी बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबादी भी हो सकती है।

वहीं, अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से ट्रेन और बस सेवा पर असर पड़ रहा है। ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। वहीं, सड़कों पर भी गाड़ियां रेंग रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि सुबह के समय 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। हवा की गति धीरे-धीरे दोपहर में 6 से 8



किमी प्रति घंटे तक बढ़ जाएगी। वहीं, दिल्ली के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद भी कोहरे की चादर में लिपटा हुआ है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में 1-4 डिग्री सेल्सियस, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में 4-10 डिग्री सेल्सियस, पूर्व और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में तापमान 10-16 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसके अलावा, पिछले 24 घंटों के दौरान, मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 1-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। उधर, मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ इलाकों के तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## रूसी सेना में फंसे भारतीयों को जल्द रिहा करो, एक और मौत पर भड़का विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली ।** यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में एक और भारतीय नागरिक की जान चली गई है, जिसके बाद भारत सरकार ने रूस से उसकी सेना में सेवा दे रहे सभी भारतीय नागरिकों की तत्काल रिहाई की मांग की है। इस युद्ध में अब तक दस भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि केरल के 31 वर्षीय बिनिल बाबू की युद्ध में मृत्यु हो गई। वह त्रिशूर जिले के कुट्टनेलूर के रहने वाले थे।े यह भी बताया कि इसी राज्य का एक अन्य नागरिक घायल हुआ है, जिसका वर्तमान में मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंत्रालय ने मृतक की परिस्थितियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। यह मुद्दा पहले भी भारत सरकार द्वारा रूस के समक्ष उठाया गया है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई दो बैठकों में भी इस विषय पर चर्चा की थी। भारत पहले भी रूस से सहायक स्टाफ, जैसे रसोइयों और सहायकों के रूप में रूसी सेना में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की रिहाई की मांग कर चुका है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें केरल के एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की सूचना मिली है, जिसे कथित तौर पर रूसी सेना में भर्ती किया गया था। एक अन्य नागरिक घायल है और उसका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले को मॉस्को में रूसी अधिकारियों और नई दिल्ली में रूसी दूतावास के समक्ष कड़ाई से उठाया गया है। जायसवाल ने यह भी बताया कि मृतक के पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने की प्रक्रिया जारी है ।

## बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख, हाई कोर्ट के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की निलंबित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। खेडकर ने उच्च न्यायालय के फैसले को न्यायपूर्ण नहीं बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेडकर की जमानत याचिका खारिज करते हुए इसे क्लासिक धोखाधड़ी का मामला बताया था, जिसमें एक संवैधानिक निकाय ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश को धोखा दिया गया है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की पीठ ने कहा था कि खेडकर ने साजिश रची है और देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है। अदालत ने जांच में उनकी संलिप्तता और साजिश के स्पष्ट संकेतों का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।



अब, खेडकर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार, 15 जनवरी को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश शर्मा की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। **क्या है पूरा मामला ?**

पिछले साल पूजा खेडकर तब सुर्खियों में आई थीं जब उन पर 2022 में आयोजित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के लिए गलत जानकारी देने का आरोप लगा था। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का लाभ उठाने का भी आरोप है।

## 12 साल बाद आसाराम अंतरिम जमानत पर रिहा, जोधपुर आश्रम लौटे

**जयपुर (आरएनएस)।** 2013 के बलात्कार मामले में राजस्थान हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद स्वयंभू संत आसाराम मंगलवार देर रात रिहा हो गए। इसके बाद वह जोधपुर स्थित पाल गांव के अपने आश्रम में पहुंचे, जहां उनके 'सेवादारों ने आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया।

जोधपुर के मणाई आश्रम में नाबालिग शिष्या से बलात्कार के मामले में गिरफ्तारी के बाद 2 सितंबर 2013 को आसाराम को जेल में डाल दिया गया था। 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की विशेष पॉक्सो कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 11 साल 4 महीने और 12 दिन की सजा काटने के बाद उन्हें स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत मिल गई। राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को उनकी उम्र और बिगड़ते स्वास्थ्य का हवाला देते हुए 31 मार्च तक जमानत दे दी। उनके वकील निशांत बोरदा ने कहा कि जमानत आवेदन में 7 जनवरी के सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व फैसले का हवाला दिया गया है, जिसमें गुजरात के एक अलग मामले में जमानत दी गई थी। कोर्ट ने जमानत के लिए कुछ शर्तें लगाईं हैं, जिनमें आसाराम अपने अनुयायियों से समूह में नहीं



मिल सकते, सभाओं को संबोधित नहीं कर सकते या मीडिया से बात नहीं कर सकते, उन्हें अपने साथ तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों का खर्च उठाना होगा। इसके अलावा, उन्हें देश भर में किसी भी आश्रम में रहने और आश्रम या अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति शामिल है। आसाराम ने इससे पहले गुजरात के सूरत स्थित एक आश्रम की महिला अनुयायी से बलात्कार के मामले में जमानत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को उन्हें मेडिकल शर्तों के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। हालांकि, जोधपुर बलात्कार मामले में उन्हें हाईकोर्ट के इस फैसले तक कोई राहत नहीं मिली। आसाराम को कई मामलों में दोषी पाया गया है, जिसमें जोधपुर मामला भी शामिल है। इस मामले में उन्हें साल 2013 में गिरफ्तार किया गया था और 2018 में नाबालिग से बलात्कार के लिए दोषी ठहराया गया था। मामले में कोर्ट ने उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

एक अन्य मामले में उन्हें 31 जनवरी, 2023 को गुजरात के गांधीनगर में एक आश्रम में एक महिला के साथ बलात्कार करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी, जिसके बाद आगे के कानूनी फैसले उनकी स्थिति निर्धारित करेंगे।

**शुभकामनाएं** राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत तमाम नेताओं ने सेना दिवस के अवसर पर भारतीय सेना को शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सेना दिवस पर मैं भारतीय सेना के जवानों, दिग्गजों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देती हूं। राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। मातृभूमि की सेवा में आपके द्वारा दिए गए अनगिनत बलिदानों को राष्ट्र कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। संकटों और आपदाओं के दौरान आपका मानवीय कार्य आपकी करुणा का प्रमाण है। आपकी असाधारण वीरता और साहस आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सेना दिवस पर हमारे वीर भारतीय सेना के जवानों और उनके परिवारों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय सेना अपने साहस, वीरता, बलिदान के लिए जानी जाती है। राष्ट्र की रक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिकों की सहायता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है। राष्ट्र के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रत्येक भारतीय भारतीय सेना का आभारी है।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारजनों को 'थल सेना दिवसइ की हार्दिक शुभकामनाएं। सेना के जवानों ने अपने अदम्य शौर्य और पराक्रम से भारतीय थल सेना को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में स्थान दिलाया है।



चाहे दुर्गम रेगिस्तान हों या बर्फीले पहाड़, हमारे जवानों ने अपने समर्पण व त्याग से विपरीत परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा व सम्मान को सर्वोच्च रखा है। मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को 'थल सेना दिवसइ पर नमन करता हूं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पोस्ट पर लिखा, थल सेना दिवस पर भारत के सुरक्षा प्रहरी जवानों और सैन्य अधिकारियों का अभिवादन। देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के साथ ही भारतीय थल सेना दुनिया भर में शांति स्थापना तथा देश में आपदा के समय नागरिकों की रक्षा, सहायता, राहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय सेना का राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण का भाव हमें सदैव प्रेरित करता है।

हर साल 15 जनवरी को भारत अपने सैनिकों की वीरता, समर्पण और बलिदान का सम्मान करने के लिए सेना दिवस मनाता है। यह महत्वपूर्ण दिन 1949 के उस महत्वपूर्ण अवसर की याद दिलाता है, जब जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) केएम करिअप्पा ने अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बुचर से सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में पदभार संभाला था।

# अगौता पुलिस ने कुकर्मी मौलवी को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** अगौता थाना पुलिस ने मंगलवार रात मदरसे में एक किशोर के साथ कुकर्म करने के मामले में मदरसे के मौलवी को गिरफ्तार किया है। मौलवी के मोबाइल में

- **किशोर से कुकर्म का मौलवी के मोबाइल में मिला वीडियो**
- **गुलावठी थाना क्षेत्र के एक मदरसे में बच्चों को पढ़ता है आरोपी मौलवी**

चाइल्ड पोनोग्राफी की वीडियो मिली है। जिसके आधार पर पुलिस ने कारवाई की है। पुलिस मौलवी की कार की भी जांच कर रही है। बता दे कि अगौता थाना पुलिस मंगलवार रात करीब 12 बजे शाहनगर क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान शाहनगर के बाजार में एक वैगनआर कार




अवस्था में खड़ी दिखाई दी। गाड़ी के पास जाकर चालक का नाम पूछा तो उसने खुद को मोहम्मद शाबीर पुत्र मोहम्मद निवासी गांव भेसानी थाना थानाभवन जनपद शामली बताया। पुलिस की पूछताछ में आधी रात में कार खड़ी होने की बाबत जानकारी की तो बताया कि मुजफ्फरनगर जा रहा है।लेकिन रूट मुजफ्फरनगर का न होने के कारण पुलिस मौलवी को हिरासत में लेकर थाने में आई।पुलिस के अनुसार मौलवी का मोबाइल चैक किया गया तो उसके अंदर एक पोनोग्राफी की वीडियो मिली। जिसमे 16 वर्ष के किशोर के साथ मौलवी कुकर्म जैसी वारदात को अंजाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। मौलवी गुलावटी थाना क्षेत्र के एक गांव के मदरसे का मौलवी है। जो बच्चो को तालीम सिखाता है।आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह किशोर को लालच लेकर कुकर्म जैसी वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने फोन में वीडियो मिलने के आरोप में लैंगिंग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम धारा 15 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**इन्होंने कहा**

मौलवी के मोबाइल से मिली पोनोग्राफी वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

**- शंकर प्रसाद, एसपी सिटी**

# विदाई समारोह: प्रखर पांडे बने सीओ सिटी,दी भावभीनी विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** बुधवार को कोतवाली परिसर में प्रशिक्षु सीओ/कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ। प्रखर पांडे बने सीओ सिटी बुलंदशहर। इस मौके पर सीओ शिव ठाकुर ,व शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र दुबे ने स्थानांतरित सीओ प्रखर पांडे को स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। इस दौरान समस्त





स्टाफ व व्यापारियों ने.सीओ सिटी प्रखर पांडे को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरानसीओ सिटी प्रखर पांडे अपने स्वागत से अभीभूत नजर आए और उन्होंने कहा कि शिकारपुर क्षेत्र की जनता का जिस तरह से इसने प्यार में सहयोग सेवा काल में मिला है उसको वह जीवन भर भुला नहीं पाएंगे और जब कभी भी मेरे लायक कोई सेवा होगी शिकारपुर क्षेत्र के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया 77 वा भारतीय थल सेवा दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एन सी सी कैडेट्स के द्वारा थल सेवा दिवस का आयोजन किया गया जो की 36 यूपी बटालियन एन सी सी बुलंदशहर के अंतर्गत आते हैं। यह दिवस पहले सेना अध्यक्ष जर्नल के एम करिअप्पा के पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दिन भारतीय सेवा को पहला भारतीय सेना जनरल मिला था इसलिए इस दिवस को बहुत ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिवस पर कैडेट्स ने देश प्रेम के ऊपर पोस्टर मेकिंग व वाद विवाद प्रतियोगिता की, साथ ही स्कूल के




डायरेक्टर व प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को देश के प्रति देश प्रेम की भावना, अनुशासन व एकता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। बटालियन की तरफ से आए हुए सूबेदार जितेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन वी के अग्रवाल, डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह, प्रशासक शुभम अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, एन सी सी अधिकारी मोनिका राजपूत, रिजवान अहमद, एस एस यादव मौजूद रहे।


# चोरी की घटना कारित करने वाले चार शातिर चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अवगत कराना है कि वादी सुमित कुमार ने थाना सलेमपुर पर तहरीर दी कि वह मैसर्स कलपतरु प्रोजेक्टस

**आरोपियों के कब्जे से 8,50,000/- रुपये नकद (चोरी के सामान को बेचकर प्राप्त), 05 पेटी नल की टोटी, घटना में प्रयुक्त 01 बुलेरो पिकअप व अवैध असलहा कारतूस बरामद**

इन्टरनेशनल लिमिटेड में एडमिन मैनेजर के पद पर कार्यरत है जो कि जल जीवन मिशन के के तहत पानी की टंकी बनाने का कार्य कर रही है। दिनांक





10.01.2025 को ग्राम जटपुरा में स्थित स्टोर से अज्ञात चोरो ने स्टोर की दीवार को काटकर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया है। इस सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर मुअसं-16/25 धारा 305ए,331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। उक्त के क्रम में जांच/छानबीन मे प्रकाश में आये 04 अभियुक्तो को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.01.2025 को एसकेडी पब्लिक स्कूल के पास से 08,50,000/- रुपये नकद(चोरी के सामान को बेचकर प्राप्त), घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ.मै गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता.
मोनू पुत्र लालसिंह निवासी ग्राम खैरपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर। संजीव पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम कैलावन थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर। विकास पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम हुर्थला थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर। विवेक पुत्र हरफूल निवासी उपरोक्त बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से.8,50,000/- रुपये नकद(चोरी किये गये सामान को बिक्री करने पर प्राप्त). 05 पेटी नल की टोटी.01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस. 03 चाकू. 01 बुलेरोपिक अपनं0-वढ-24ळ-6422(घटना में प्रयुक्त) बरामद की है।सीओ शिव ठाकुर ने बताया कि चारों आरोपितों पर कई कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के बाद आरोपितों का चालान कर दिया है।

# ध्यान योग सेमिनार का किया गया आयोजन





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** ईको फिल्म प्रोडक्शन की तत्वाधान में आशा फाउंडेशन के सहयोग से आदर्श शिशु मंदिर व वेदवती देवी विद्या मंदिर विद्यालय में ध्यान योग सेमिनार का आयोजन किया गया। आशा फाउंडेशन की फाउंडर आशा गुप्ता ने सभी बच्चों को ध्यान योग के बारे में विस्तार रूप से समझाया और बच्चों ने बाढ़ जाकर बड़ी खुशी के साथ भाग लिया। ज्ञान का विज्ञान के बारे में बच्चों को समझा । आशा फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य जगह-जगह लोगों को के बारे में जागरूक करना है। प्रबंधक आनंद सिंह,रामवीर सिंह चौधरी, प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा, समाजसेवी राम दिवाकर, रेखा प्रताप सिंह धनौलिया आदि लोग शामिल रहे।

# सर्राफा व्यापारी की दूकान से दो लाख के आभूषणों की लूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** नगर में बदमाशों ने हथियारों के बल पर सरार्फा व्यापारी की दुकान से ने लगभग दो लाख रुपये के आभूषणों की लूट की। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि शाम के समय दो लोग उसकी दूकान से अंगूठी खरीद कर ले गए थे लेकिन कुछ समय बाद ही, वे तीन लोग अंगूठी बदलने के बहाने से दोबारा आए और उन तीनों ने तमंचा निकाले और पीड़ित पवन को भयभीत कर दिया और एक बदमाश ने दुकान की लाइट बंद कर दी और लगभग दो लाख रुपए के आभूषण लूट लिए और वहां से भागने लगे, जब पीड़ित व्यापारी पवन ने शोर मचाया तो उनमें से एक ने पवन के ऊपर फायर कर दिया, जिससे पवन बाल बाल बचा। तीनों बदमाश बाईक पर सवार होकर फरार हो गए। इस घटना के बाद व्यापारियों में भय व्याप्त है, जबकि घटनास्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर पुलिस पिकेट है। इस घटना से यह लगता है कि बदमाशों में पुलिस का बिल्कुल भी भय नहीं है। जबकि बदमाशों ने एक फायरिंग भी की थी अगर पुलिस चौकन्नी होती, तो फायरिंग की आवाज से जल्दी ही घटना स्थल पर पहुंच सकती थी और



बदमाशों को पकड़ सकती थी। घटना की सूचना पर सीओ अनूपशहर गिरजाशंकर त्रिपाठी मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली और उन्होंने मौके पर मौजूद गोली का खोका भी बरामद किया। घटना के बारे में सीओ अनूपशहर ने बताया, कि घटना के खुलासे के लिए टीम गठित कर दी गई है और सीसीटीवी कैमरे की मदद से जल्द ही बदमाशों को पकड़कर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# एसिलोर आई केयर ने निःशुल्क आँखों का कैम्प, 250 रोगियों ने लाभ उठाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** मौहल्ला छान्सिया वाड़ा में




स्थित जनता आयुर्वेदिक केंद्र पर बुधवार को सुबह 10 बजे से एसिलोर आई केयर ग्रुप के सौजन्य से निःशुल्क आँखों की जाँच शिविर का आयोजन लगाया गया। आई स्पेशलिस्ट डॉ लता कश्यप और आई मित्र जुल्फिकार अली के नेतृत्व में लगे शिविर में लगभग 250 आँखों के रोगियों की जाँच की गई। आवश्यक दवा व कम मूल्य पर चश्मे भी वितरित किये गए। इस अवसर पर डॉ लता कश्यप, डॉ सगीर अहमद सुबहानी, डॉ आकिल, सैयद आबिद अली, अयान अहमद, राजू शर्मा और मकसूद जालिब आदि मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति की शक्ति और शौर्य का प्रतीक है महाकुंभ: रविन्द्र राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** प्रयागराज में 144 वर्षों के बाद श्रवण नक्षत्र में महाकुंभ का विराट स्वरूप, भव्य एवं दिव्य आयोजन पुरातन सनातन के परम वैभव, सुख समृद्धि, समग्रता, विशालता, समग्र मानवता को आत्मसात करते हुए सनातन संस्कृति के अनादि, अनंत स्वरूप को परिलक्षित, संकल्प सिद्धि का पवित्र पर्व है। वास्तव में हमारी नदियों से महाकुंभ का अस्तित्व है। नदियों को संभालना हम सब का परम कर्तव्य ही नहीं बल्कि सर्वप्रथम जिम्मेदारी भी है। तीर्थराज प्रयाग की पावन धरा पर महाकुंभ के शुरूआती पहले दो अमृत स्नानों में लगभग 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर गंगा जल के दिव्य गुणों एवं मां गंगा के प्रति श्रद्धा, आस्था, प्रेम, भक्ति की अनुपम, अद्भुत उपस्थिति दर्ज कराई है।



इस अनेकता में एकता, आस्था, समरसता, साधना, श्रृद्धा, भक्ति, उपासना, संस्कृति, समता के अलौकिक सनातन पर्व महाकुंभ में उपस्थित सभी पूज्यनीय साधु- संतों, ऋषि- मुनियों, भक्तों- श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और शुभचिंतकों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। मां गंगा आप सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह भरें।



रविन्द्र कुमार राणा

# दिल्ली पुलिस के दरोगा समेत 6 के खिलाफ रेप-हत्या के प्रयास में एफआईआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव लखावटी निवासी विवाहिता ने अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की डिमांड पूरी न होने पर दिल्ली पुलिस के दरोगा ससुर समेत छह आरोपियों के खिलाफ रेप-हत्या के प्रयास में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में प्रेमिका भी नामजद है। बता दे कि गांव लखावटी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की शादी पश्चिमी दिल्ली के टैगोर गार्डन निवासी दिल्ली पुलिस में तैनात दरोगा के सरार्फा पुत्र से गत 14 फरबरी को की थी। शादी में ग्यारह लाख की नगदी, ग्रांड वितारा कार समेत पचास लाख की धनराशि खर्च की थी। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे। वे दहेज में पांच लाख रुपए की ओर डिमांड कर रहे थे। डिमांड पूरी न होने पर 12 अगस्त को ससुर ने नवविवाहिता के साथ रेप का प्रयास किया। नवविवाहिता के शोर मचाने पर आरोपी दरोगा समेत अन्य परिजनों ने गला घोटकर हत्या करने का प्रयास किया। पीड़िता ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया।पीड़िता ने रोहिणी थाने में तहरीर दी। लेकिन दरोगा ससुर के चलते वहा एफआईआर दर्ज नही हो सकी।15 अगस्त को औरंगाबाद थाने में पीड़िता ने तहरीर दी तो पुलिस ने मामला महिला थाने के रेफर कर दिया। यहां दोनो पक्षों का पुलिस ने मीडियेशन कराया।

**घर में रहती थी प्रेमिका**

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति शादी के बाद से ही अपनी प्रेमिका को घर के अंदर रखता था।विरोध करने पर पति विवाहिता के साथ मारपीट करता था।




- **औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गांव लखावटी निवासी विवाहिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट**
- **अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपए की कर रहे थे डिमांड**
- **11 माह पहले हुई थी शादी,पत्नी के सामने प्रेमिका को खुलेआम घर में रखता था**

**इन्होंने कहा**

पीड़िता की तहरीर के आधार पर दिल्ली पुलिस में तैनात दरोगा ससुर सुखपाल सिंह,सास रीता,पति लवजीत तोमर,प्रेमिका फाल्गुनी यादव,ननद रूबी समेत छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**-श्लोक कुमार, एसएसपी बुलंदशहर**

## शीत लहर | ठंड से लोगों का हुआ जीना मुश्किल, शीत लहर ने कपाया

# सर्दी में बुजुर्ग व बच्चे घरों में कैद,जरूरी काम से ही निकल रहे लोग बाहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** लोगों का ठंड और गलन से हाल बेहाल है। शीत लहर के चलते बुजुर्ग और बच्चे घरों में कैद हैं। लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। बुधवार की सुबह जब लोग नींद से जागे तो घना कोहरा था। ड्यूटी करने वाले ठंड में ठिठुरते हुए ऑफिस पहुंचे। नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के स्कूल में कॉलेज में अवकाश होने से छात्र-छात्राओं को राहत मिली है। कोहरा और बफीर्ली हवाएं कड़ाके की ठंड का एहसास करा रही हैं। और ऐसे वाहन चालकों को मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। न्यूनतम तापमान 6 और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को दोपहर करीब 2:बजे धूप तो निकली लेकिन ठंड में कोई राहत नहीं मिली। बंद स्थानों में भी गलन के मारे हाथ पांव चलाना मुश्किल हो गया। सुबह शाम कोहरे की धुंध छाने की दृश्यता कमजोर पड़ रही है साथ ही गलन भरी सर्दी का एहसास होने लगा है ।आने वाले दिनों में सर्द हवाएं चलने की संभावना भी जताकर मौसम विभाग में अलर्ट जारी किया है।

**फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं**

मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल पश्चिमी क्षोब के कारण लक्षण नहीं है जिसके चलते फिलहाल बारिश की संभावना नगण्य है। आने वाले दिनों में सर्द हवाएं चलने की संभावना विजेता कर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

**घरों में दुबके लोग**

शीत लहर के चलते लोग घरों में दुबक



आने को मजबूर हैं। बुधवार सुबह जबरदस्त कोहरा और ठंड होने के कारण लोग दिनभर घरों में रजाई के बीच दुबके रहे। सबसे ज्यादा परेशानी हर रोज रोजी कमाने वालों के सामने आई।

**अलाव एकमात्र सहारा**

बाजार में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार में अलाव पर हाथ सेकते नजर आए। लोगों से कई ऐसी शीत लहर नहीं देखे जाने की चर्चा रही। बीते करीब 1 सप्ताह से ठंड की वजह से मजदूरों को काम नहीं मिल रहा।

**ग्रामीणों को सबसे ज्यादा आफत**

शीतलहर के चलते सबसे ज्यादा आफत ग्रहणी ऊपर आई हुई है स्कूल बंद होने के कारण बच्चे घर में है। जिसके चलते ग्रहणी यों का घर का काम बढ़ गया। बर्फ जमा देने वाली पानी में लगातार बर्तन धोने के कारण ग्रहणी ऊपर सबसे ज्यादा आफत । उधर सर्दी बढ़ने से आलू किसान भी चिंता में डूबे हुए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन युद्धपोतों... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 16 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 315, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

### सीएम योगी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है : स्वामी चिदानंद सरस्वती, आध्यात्मिक प्रमुख, परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश

# जो कहते हैं कि हम बटे पड़े हैं, वे आकर देखें-सारे घाट पटे पड़े हैं

**प्रयागराज।** यह पूरे सनातन का स्नान है। यह अमृत व सनातन के अमर होने का पर्व है। इस कुम्भ ने बताया कि सारे घाट पटे पड़े हैं,लोग कहते हैं हम बटे पड़े हैं। आखिर हम कहां बटे पड़े हैं। करोड़ों कल,करोड़ों आज आए और करोड़ों आ रहे हैं।

हर घाट पटा है। मैं सभी को आमंत्रित करता हूं कि आओ महाकुम्भ चलें। संगम के तट से संदेश है कि सनातन का संगम सदैव गंगा के पावन प्रवाह की तरह प्रवाहित रहे। सूर्य ने उत्तरायण की दिशा बदली है। यह हमारे जीवन की दिशा बदलने का समय है। जब दिशा-गति बदलती है तो मति भी बदलती है। देश को गति भी बदलनी है और मति भी बदलनी है। जैसे गति-मति बदलेंगे, सारा माहौल व मुल्क बदल जाएगा। भारत के पास यंग दिल इंडिया है,इसलिए सभी को मिलकर महान इंडिया बनाना है। मोदी-योगी की यह जोड़ी इस देश में नया योग खड़ा करने आई है। योगी जी ने दिखा दिया, वातावरण मस्त-मस्त और सुरक्षा जबर्दस्त है।

**स्वामी चिदानंद सरस्वती, आध्यात्मिक प्रमुख, परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश**




## इस्लाम धर्मावलंबियों ने भी महाकुंभ तीर्थ यात्रियों का किया स्वागत

**प्रयागराज।** बहादुरगंज के मोहल्ले में गंगा जमुनी तहजीब की बेहतरीन मिसाल देखने को मिली। हिंदू मुस्लिम भाइयों ने मिलकर महाकुंभ में आए तीर्थ यात्रियों का इस्तकबाल किया। जीटी रोड बहादुरगंज में रामचंद्र साहू ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें मुसलमान भाइयों ने भी सहयोग किया। स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं को खिचड़ी, फुलकी, पापड़, हलवा, चाय का प्रसाद वितरण किया। रानी साहू, हर्ष साहू, विकाश साहू अनिल साहू, इरशाद उल्ला, असद जिया,नीलू खान, पप्पू खान नफीस खान मुन्ना भाई, बिलाल खान आदि लोग रहे।

## समाज कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है।

किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया। किन्नर अखाड़े के इस आयोजन ने महाकुम्भ 2025 में एक विशेष छवि प्रस्तुत की। उनके संदेश ने यह स्पष्ट किया कि समाज के हर वर्ग का उत्थान और कल्याण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

## सौभाग्यशाली हैं कि इस महाकुम्भ में स्नान करने आए हैं



**प्रयागराज।** 1982 से कुम्भ में आ रही हूं। कई महाकुम्भ व अर्धमहाकुम्भ किए हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ की अनुभूति अलग ही है। मां गंगा की गोद यह पूरा नया शहर-क्षेत्र बसाया जाता है। 144 वर्ष बाद महाकुम्भ का सुयोग बना है। हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि इस महाकुम्भ में स्नान करके आए हैं। आज युवा इस दृश्य को देखकर आह्लादित दिख रहा है। अमृत स्नान के लिए जब अखाड़े निकले हैं, उस समय झोली फैलाकर फूल तक मांग रहे हैं। यह आस्था है।


यह अद्भुत कुम्भ है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 500 साल की प्रतीक्षा के बाद रामलला मंदिर में विराजित हुए और उनकी वर्षगांठ हो रही है, इससे महाकुम्भ की महिमा और बढ़ जाती है।

**साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व केंद्रीय मंत्री**



## किन्नर अखाड़े ने समाज कल्याण की कामना कर किया अमृत स्नान

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के पहले अमृत स्नान के पावन अवसर पर किन्नर अखाड़े ने समाज के कल्याण और उन्नति की कामना की। किन्नर अखाड़े के सदस्य हर हर महादेव का नारे लगाते हुए संगम की ओर बढ़े। बीच में छत्र के नीचे



अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना। आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सभी सदस्यों ने दोपहर में संगम नोज पहुंचकर अमृत स्नान किया। महासंक्रांति के पर्व पर

**आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में किन्नर अखाड़े के सदस्यों ने किया अमृत स्नान**

आचार्य महामंडलेश्वर चल रहे थे और उनके साथ अखाड़े के अन्य महामंडलेश्वर उपस्थित थे। इस दौरान किन्नर अखाड़े के साधु पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। तलवारें लहराते हुए और जयघोष करते हुए उन्होंने अमृत स्नान का शुभारंभ किया।

## संगम स्नान कर बोले संत- साधुवाद सरकार

**महाकुम्भ नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ-2025 की अविस्मरणीय तैयारी से साधु-संत आह्लादित दिखे। सभी संतजनों ने अमृत स्नान किया और अभूतपूर्व व्यवस्था के लिए सरकार का साधुवाद किया। सभी संतजनों ने 144 वर्ष पश्चात पड़े इस सुखद संयोग में स्नान कर स्वच्छ, सुरक्षित, दिव्य-भव्य महाकुम्भ के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, अद्भुत व्यवस्था पर साधु-संतों ने सरकार के प्रति आभार भी जताया।



**पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में की गई व्यवस्था की साधु-संतों ने की सराहना**

## सरकार की व्यवस्था से बहुत प्रसन्न हूं

**प्रयागराज।** सरकार ने महाकुम्भ की व्यवस्था बहुत अच्छी की है। इस व्यवस्था से मैं बहुत प्रसन्न हूं।



सरकार ने इतनी बड़ी भीड़ को भी नियंत्रित किया है, इसलिए सरकार साधुवाद की पात्र है।

**जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य**

**संदिग्ध** | यति नरसिंहानन्द के कैंप से पकड़ा गया अयूब

# आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था, महामंडलेश्वर बोले- मुसलमानों की वजह से हिंदू आबादी को खतरा

**प्रयागराज।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर और डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के महाकुंभ में कैंप के बाहर से पुलिस ने अयूब नाम के संदिग्ध युवक को पकड़ा है। दावा किया जा रहा है कि वह आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

मंगलवार तड़के यति नरसिंहानंद गिरी के कमरे के बाहर अखाड़े के संतों ने शक के आधार पर युवक को पकड़ा। पहले वह यति से मिलने के लिए आने की बात कही। अपना नाम आयुष बताया। शक होने पर पुलिस सूचना दी गई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसका असली नाम अयूब निकला। उधर, महाकुंभ से यति का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- भारत में मुसलमानों की वजह से हिंदू आबादी को खतरा हो रहा है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने कबूला- मेरा नाम अयूब अली है। एटा के अलीगंज का रहने वाला हूं। यहां घूमने आया था। मुझे मालूम नहीं था कि यहां अलाऊ नहीं है। मुझे किसी ने भेजा नहीं है, अकेला आया हूं। दो भाई और तीन बहन हैं। पिता का नाम शाकिर अली है। सोमवार को कानपुर से ट्रेन पर बैठा। फिर गोरखपुर पहुंचा। गोरखपुर से ट्रेन से सोमवार सुबह प्रयागराज पहुंचा।



यति नरसिंहानंद ने मीडिया से बातचीत में कहा- मेरी हत्या की साजिश रची जा रही है। गाजियाबाद स्थित डासना मंदिर के बाहर मुस्लिम समुदाय की 10 हजार की भीड़ ने कुछ महीने पहले मेरे मंदिर पर हमला किया। मेरी लगातार रेकी की जा रही है। बेंगलुरु में रहने वाला जुबेर पहले भी धमकी दे चुका है, जिसने मंदिर पर हमला कराया था। हमारी तरफ से इस पर मुकदमा चल रहा है।

अब मैं महाकुंभ में हूं। सोमवार रात मैं दूधेश्वरनाथ मठ के शिविर में था। जहां एक युवक मेरी रेकी कर रहा था। मुझे पुलिस के 2 गनर मिले हैं। मेरे कमरे के बाहर एक युवक पर संतों और सुरक्षाकर्मियों को शक हुआ। उन्होंने इस युवक से पूछताछ की तो उसने पहले अपना नाम आयुष बताया। जांच-पड़ताल में पता चला कि वह मुस्लिम है।

## महाकुम्भ-2025 हर हर बम बम के बीच अखाड़ों का हुआ राजसी स्नान



# हम जमीन पर युद्ध जीते है पर मेज पर हारे हैं : कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** बुधवार को महानगर के मॉडल टाउन ईस्ट स्थित राष्ट्रीय सैनिक संस्थान के मुख्यालय में 76वां आर्मी डे मनाया गया। 1949 में आज ही के दिन जनरल करियप्पा ने ब्रिटिश जनरल बुचर से कमांडर इन चीफ का पद संभाला था। इस अवसर पर कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री को देश चलाने का अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होने भारतीय जनरल को नियुक्त न करने के लिए तर्क दिया कि उनके पास अनुभव नही है। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर के ऊपर जो पहला युद्ध लड़ा गया उसमे अंग्रेजो का जनरल लोकहार्ट भारत में सेनापति था और अंग्रेजो का दूसरा जनरल डगलस पाकिस्तान का सेनापति था। जनरल लोकहार्ट का झुकाव पाकिस्तान की तरफ था। तमाम सबूत मिलते है कि भारत में तैनात जनरल लोकहार्ट को कबाइली के भेष में पाकिस्तान के फौजियो के भारत मे घुसने की सम्पूर्ण जानकारी थी जो सरदार पटेल से छिपाई गई। अक्टूबर 1948 में तत्कालीन प्रधानमंत्री माउंट बेटन के ब्रिटेन में विश्राम स्थल कैंपशायर मे 4 दिन आराम करने के लिए गए। माउंट बेटन इंग्लैंड के अन्य कामों में व्यस्त होने के कारण बाहर चले गए और भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री के साथ अपनी पत्नी ऐडविना को छोड़ दिया जिन्होने उनपर युद्ध विराम करने का दबाव बनाया। इसकी गवाही मेजर जनरल गुलवन्त सिंह ने दी थी। मेजर जनरल गुलवन्त सिंह को आगे बढ़ने के लिए मना कर दिया गया था। यानि जमीन पर फौज गिलगिट बाल्टिस्तान को वापस लेने के लिए तैयार भी थी और सक्षम भी थी लेकिन युद्ध विराम कर दिया गया और हम मेज पर युद्ध हार गए। 1962 मे बिना तैयारी , बिना साजो सामान, बिना पर्सनल किट, फौज को हाई ऐल्टीट्यूड पर चाइना से लड़ने के लिए भेज



दिया गया। यह हार सरकार की थी, फौज की नही। लद्दाख के रिचांगला में मेजर शैतान सिंह की कंपनी के 119 सिपाहियो ने चाइना के 1300 सिपाहियो को मारा था और ऐयर बेस पर चाइना का कब्जा नही होने दिया था। यहाँ भी हम मेज पर युद्ध हार गए। 1965 मे युद्ध जीतने के बाद भी हाजी पीर पास को वापस कर दिया गया। ऐसे ही 1971 मे 93 हजार पाकिस्तानी सिपाहियो को युद्ध बंदी बनाने के बाद भी न कश्मीर का मुद्दा सुलझा और न ही भविष्य मे पाकिस्तान द्वारा आक्रमण न करने के वादे पर हस्ताक्षर लिए गए और पाकिस्तान के मुकाबले 4 गुना ज्यादा जीता हुआ क्षेत्र भी वापस कर दिया गया। 1999 में भी अत्यंत मुश्किल कारगिल युद्ध को जीतने के बाद भी पाकिस्तान के फौजी सिपाहियो और आतंकियो को बचकर निकलने के लिए एक सेफ कॉरीडोर दिलवा दिया गया।

कारगिल से लेकर आज तक कोई युद्ध नही हुआ लेकिन कारगिल के मुकाबले 100 गुना अधिक सिपाही शहादत दे चुके है। सिपाही के शौर्य मे कमी नही आई है बल्कि नीतियो मे बदलाव की आवश्यकता है। आर्मी डे फौज के साहस और बलिदान का गुणगान करने के लिए मनाया जाता है। साहस अगर बाजार मे बिकता होता तो हर नेता इसे खरीद लेता। आर्मी डे मनाने का दूसरा कारण है सिपाही के बलिदान की सराहना करना है। नेता अगर चुनाव हार जाये तो दोबारा लड़ सकता है परंतु सिपाही अपनी जान का बलिदान केवल एक बार ही दे सकता है इसलिए इसे सर्वोच्च बलिदान कहते है। आज आर्मी डे पर हम केवल इतना चाहते है की कम से कम फौज के मामले पर पूरा देश एक आवाज मे ह्यह्न जय हिन्द ह्यह्न बोले। फौज के इस अदम्य साहस के बावजूद भी देश मे लगने वाले नारे कि तवांग मे फौज पिटकर आ गई, पाकिस्तान ने चूड़िया नही पहन रखी, आतंकियो और भारतीय सेना मे गठ जोड़ है बर्दाश्त करने लायक नहीं है। इस मौके पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, ज्ञान सिंह, गणेश दत्त, राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, सुरेन्द्र चन्द शर्मा , पुष्कर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# एसएसपी कलानिधि नैथानी द्वारा जनहित में उठाया गया एक और कदम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** समस्त चौकी इंचार्ज की बढ़ाई गई जवाबदेही प्रत्येक चौकी इंचार्ज को सी यू जी मोबाइल नंबर आवंटित किया गया, यह जनपद गाजियाबाद में पहली बार हुआ है । जनसुनवाई में बेहतरी लाने एवं ट्रैफिक चालान व अन्य एप्प के प्रचलन में बढ़ोतरी लाने आदि संबंध में सीधे चौकी इंचार्ज को जिम्मेदार बनाने के लिए एवं आम जनमानस के प्रति सीधे सुलभ तरीके से फोन कॉल पर उपलब्ध रहने हेतु डाटा पैकेज सहित सिम कार्ड आवंटित किए गए ।इस नई व्यवस्था के बाद यदि कोई दरोगा किसी चौकी से स्थानांतरित भी होता है तो उसका चौकी का सी यू जी मोबाइल नंबर

**रिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त नंबरों को सार्वजनिक स्थलों जैसे चौकी थाना बस अड्डा आदि पर भी सार्वजनिक करने के आदेश दिए गए हैं’**

वही रहेगा और नवागत चौकी इंचार्ज को हस्तगत होगा। 24 घंटे में उपलब्ध सी यू जी मोबाइल नंबर को आवंटित करने एवं प्रत्येक दशा में रविवार 14.2.21 तक एक्टिव करने के आदेश जारी किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त नंबरों को सार्वजनिक स्थलों जैसे चौकी थाना बस अड्डा आदि पर भी सार्वजनिक करने के आदेश दिए गए हैं’ ताकि आकस्मिक स्थितियों में लोग सीधे अपने चौकी इंचार्ज से संपर्क कर सकें ।

# क्राईम ब्रान्च पुलिस द्वारा मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पुरूस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का करीब 15 लाख रुपए का माल बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा जिओ व एयरटेल कम्पनी के मोबाइल टावरों से आर0आर0 यूनिट, बैट्री व अन्य इलैक्ट्रानिक डिवाईस चोरी करने वाले गिरोह के 05 सदस्यों को दिनाँक-22/12/2024 को थाना वेवसिटी गाजियाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जिनके कब्जे से भारी मात्रा में आर0आर0यू0, बी0बी0यू0 व अन्य उपकरण व चोरी करने मे प्रयुक्त गाडियाँ बरामद हुई थी। यह गिरोह गाजियाबाद, दिल्ली एन0सी0आर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, असम, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब व मध्यप्रदेश में जिओ व एयरटेल कम्पनी के मोबाइल टावरों से आर0आर0 यूनिट, बैट्री व अन्य इलैक्ट्रानिक




डिवाईस चोरी कर उसे भारी दामों मे विदेशों में बेचते थे।दिनाँक-14/01/2025 को उक्त अन्तर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य तथा थाना वेव सिटी से वाँछित,पुरूस्कार घोषित शातिर अभियुक्त राहुल को थाना क्षेत्र कुडी भगतासनी जोधपुर पश्चिम राजस्थान से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है, गिरफ्तार अभियुक्त से मोबाइल टावरों से चोरी 02 रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद हुई है। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर डी0सी0पी0 ग्रामीण गाजियाबाद द्वारा 25,000 रुपए का पुरूस्कार पूर्व से घोषित है।पूछताछ पर अभियुक्त राहुल ने बताया कि उसने इण्टर करने के बाद पढाई छोड दी और इलैक्ट्रिक वायर फिटिंग का काम सीख कर ठेकेदार के साथ नवनिर्मित मकानों, मॉल, बिल्डिंगो में बिजली फिटिंग का काम करने लगा । काम के दौरान ही नन्दग्राम गाजियाबाद क्षेत्र मे राहुल की मुलाकात गोल्डी उर्फ फरहान से हुई जिसने उसे मोबाइल टावरों के आर0आ0यू0, बी0बी0यू0 व अन्य उपकरणों के बारे बताया कि इन उपकरणों को चोरी करके बेचने में काफी मुनाफा होता है ।

# भाकियू संघर्ष अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी के नेतृत्व में धरना दिया गया डासना parifariel टोल पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी के नेतृत्व में धरना दिया गया डासना pari-fariel टोल पर किसानों के साथ अनावश्यक रूप से परेशान करने के संबंध में जिसमें भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक की सभी शर्तों को पूर्ण रूप से टोल मैनेजर कृष्णा गहलोत द्वारा सभी मांगे मान ली गई जिसमें भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक पदाधिकारी सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे और उसी के साथ टोल मैनेजर कृष्णा गहलोत को चेतावनी के साथ अवगत कराया कि किसानों के साथ आज के बाद अभद्र व्यवहार व अगर किया गई तो इससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा फिलहाल धरना स्थगित कर दिया गया है जिसमें शामिल रहे बादल चौधरी नगर अध्यक्ष मनोज कुमार ब्लॉक अध्यक्ष राजापुर अनीश खान नगर अध्यक्ष डासना फजरू चौधरी अल्पसंख्यक अध्यक्ष डासना शिवम त्यागी नगर अध्यक्ष मुरादनगर अजय चौधरी चिपियाना नितिन चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर विपिन चौधरी महानगर अध्यक्ष मोहित मलिक तुषार कुमार जिला प्रभारी राहुल त्यागी प्रचार मंत्री बबलू कुमार ग्राम उपाध्यक्ष मोरटा विजय वर्मा दिल्ली से संजय त्यागी ब्लॉक उपाध्यक्ष राजापुर और सैकड़ो





मोदीनगर अमरपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर सुनील चौधरी ब्लॉक उपाध्यक्ष भोजपुर अमित चौधरी संजू चौधरी दीपक चौधरी रवि चौधरी नदीम खान अमित चौधरी की तादात में लोग शामिल रहे कोई भी कार्यकर्ता परेशान ना हो जिसमें संदीप चौधरी जिला अध्यक्ष ने शासन व प्रशासन को चेतावनी दी की अगर किसानों अनावश्यक रूप से परेशान किया गया तो भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक आंदोलन करने का काम करेगी जय जवान जय किसान भारतीय किसान यूनियन संघर्ष अराजनैतिक जिंदाबाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर जिंदाबाद प्रदेश अध्यक्ष पवन गुर्जर जिंदाबाद जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# क्या योगीराज में गरीबों से अवैध उगाही ऐसे ही जारी रहेगी या जनता ऐसे ही ठगी जाती रहेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पार्षद ने पत्र जारी कर खुद खोला अपने पति और उसके गुर्गों की अवैध उगाही का खेल वार्ड 18 बाग वाली कॉलोनी में अवैध उगाही मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है पुलिस अवैध उगाही बाजों को बचाने के चक्कर में जुटी हुई है’ जबकि पार्षद ने खुद पत्र जारी कर अपने पति द्वारा उपरोक्त घृणित कार्य को मेयर द्वारा दिए गए मौखिक आदेश के बाद करने की बात कुबूल की है और फिर भी कवि नगर जोनल कार्यालय द्वारा हुई जांच में सत्यता पाए जाने के बाद कवि नगर थाने में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए जो तहरीर दी गई उस पर आज 5 दिनों बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिस घटना के सीसीटीवी फुटेज ऑडियो रिकॉर्डिंग और गवाह सभी मौजूद हो तो फिर भी पुलिस द्वारा प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज न होना लोकल पुलिस की संलिप्तता को दशार्ता है इस मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है।भ्रष्टाचार के खेल में आकंठ डूबे जेल जाने के डर से पार्षद और उसके पति रोज कर रहे नए खेल कर रहे है अब पार्षद ने कमिश्नर के नाम पर नए पत्र जारी किए जिस पर तारीख 8 अंकित है जबकि आज 15 तारीख को पत्र जारी किया जा रहा है और अवैध उगाही बाजो के खिलाफ जनकल्याण समिति के




अध्यक्ष जयकिशन ने नगर निगम में शिकायत 8 तारीख को दी थी जो की अज्ञात लोगों के खिलाफ वसूली करने की थी जिसकी जांच कवि नगर जोन कार्यालय द्वारा की गई जांच में सत्य पाया गया और जोनल प्रभारी द्वारा कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने को तहरीर दी थी उसके बाद खुद पार्षद पति अपने लोगों को बचाने के लिए मेयर महोदय का नाम लेकर जब पूरी तरह फस गया तो उसे अनजाने में उसकी संलिप्तता को साबित करने के लिए रोज नए-नए झूठे सबूत पेश कर रहा हैं यह नया पत्र भी उसी का एक प्रमाण भर है। जब पार्षद ने 8 तारीख को ये पत्र जारी कर दिया था तो 8 दिन बाद अभी तक थाने या डीसीपी कार्यालय में ये क्यों नहीं दिया गया यदि दिया गया तो जोनल कार्यालय और पार्षद द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक अवैध उगाही बाजों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की गई यह झूठा पत्र तो पुलिस को कठघरे में खड़ा कर रहा है अत्याचार होगी कड़ी कार्रवाई या नहीं?।

# आईटीएस कॉलेज के फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों को आईटीएस कॉलेज द्वारा किया गया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस कॉलेज के फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों को आईटीएस कॉलेज द्वारा सम्मानित किया गया। आईटीएस कॉलेज द्वारा सम्मानित होने वाले सभी फैकल्टी एवं स्टाफ के वह सदस्य हैं जिन्होंने 5,10,15 एवं 20 वर्षों से अधिक आईटीएस परिवार के साथ सेवा को पूर्ण करने और संस्थान की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि संस्थान हमेशा से अपने फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों के लिए इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। इसके साथ ही इस अवसर पर उन्होंने आईटीएस परिवार के फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों को बताया कि संस्थान के लिए यह गौरव की बात है कि अधिकतर फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने संस्थान को 5,10,15 एवं 20 वर्षों से अधिक का समय दिया है। उन्होंने बताया कि सभी स्टाफ एवं फैकल्टी की कठिन मेहनत और दृढ़संकल्प के कारण आईटीएस कॉलेज आज श्रेष्टतम कॉलेजों में गिना जाता है।




इस अवसर पर आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा तथा डायरेक्टर-पीआर सुरिन्द्र सूद एवं आईटीएस डेन्टल, फिजियोथेरेपी एवं फार्मेसी कॉलेजों के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी, डॉ एम थंगराज एवं डॉ एस सादिश के साथ-साथ सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षकगण एवं स्टाफ भी उपस्थित रहें।

अंत में इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# राजनगर एक्सटेंशन रिवर हाईट सोसाइटी में लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रिवर हाईट सोसाइटी मे लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमे बड़े बुजुर्गो बच्चो माता बहनो ने बढ़ चढ कर हिस्सा लेते हुए पुण्य लाभ उठाया लोहड़ी की पूजा करने के बाद लोगो ने ढोल पर खूब नाचते हुए अपनी हाजिरी लगाई समिति के सचिव सुबोध त्यागी ने सबको बधाई देते हुए कहा की ऐसे मिल जुल कर हम अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते रहे उन्होंने बताया की मकर संक्रांति के महापर्व पर कल सुबह से ही चाय और खिचड़ी का प्रसाद प्रभु इच्छा तक किया जायेगा उन्होंने सबको आह्वान किया की सब आकर प्रसाद ग्रहण करे और पुण्य लाभ ले।इस अवसर पर शशि रितेश विजय श्रीवास्तव नितिन गुप्ता रोहित जैन राजनारायय‌ं त्यागी विनय मेहरा सिन्हा माथुर कुलदीप गुप्ता विजय शर्मा सुरेश चौहान पूनम सिरोही



विभोर खुराना सुमित पवन गुज्जर नीरज यादव अजय शर्मा सचिन मलिक एम के सिंह संजीव गोयल रजनीश तेवतिया मोहित चौहान अंकुर अनुज त्यागी कार्तिक और काफी माता बहने भाईयों की उपस्थित रही।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद ने विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** युवा कार्यक्रम एवं मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान एवं उपनिदेशक देवेंद्र कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय नंदग्राम में किया गया । कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए देवेंद्र कुमार ने बताया की राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती अर्थात 12 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता है।

स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 कोलकाता के कुलीन कायस्थ परिवार में हुआ था उनके बचपन का नाम नरेंद्र दत्त था इनके पिता कोलकाता हाई कोर्ट के एक प्रसिद्ध वकील थे तथा 4 जुलाई 1902 में इनकी मृत्यु हुई । स्वामी जी ने अपने इस 39 वर्ष छोटे से जीवन काल में जो काम कर गए , वह आने वाली अनेक शताब्दियों तक मार्गदर्शन करते रहेंगे । वे केवल संत ही नहीं एक महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक, मानव प्रेमी और आध्यात्मिक गुरु थे। स्वामी ने 30 वर्ष की आयु में शिकागो अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवाई। शिकागो का यह भाषण स्वामी विवेकानंद के नाम का पर्याय माना जाता हैं । उन्होंने सभी अमेरिकियों को "मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों" से संबोधित कर वहां उपस्थिति सभी का मन जीत लिया था। इस अवसर पर काशीराम विश्वविद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता ने बताया की जो कार्य विवेकानंद ने किए हैं वह हमारे युवाओं के लिए आदर्श हैं हमें उनसे सीख लेकर उनके आदर्शों और कार्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी भारत को विकसित भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सके ।






डा दीपक राय ने उनके विचार " उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए " को अपनाने के लिए सभी युवाओं को प्रेरित किया ।कार्यक्रम में प्रकाश तिवारी रोहन कुमार तालिब आदि बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन काल और उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में आईआईएमटी गौतम बुध नगर के डीन अभिषेक शर्मा काशीराम महाविद्यालय से डॉक्टर दीपक राय, भगत सिंह मंसूर खान प्रोफेसर्स ने अपने विचार व्यक्त किए ।

**कार्यवाही** | **झोलाछाप डॉक्टरों को संस्था द्वारा सर्टिफिकेट व आई कार्ड दे कर दिया जा रहा है संरक्षण,आखिर कब होगी कार्यवाही**

# झोलाछाप डॉक्टर स्वास्थ्य विभाग के आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लोनी (अकरम सैफी )।** क्षेत्र में बिना डिग्री व बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ो की संख्या में संचालित है झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक,सूत्रों के मुताबिक संस्थाएं बांट रही है झोलाछाप डॉक्टरों को सर्टिफिकेट व आई कार्ड,मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद द्वारा पूरे जनपद में लगातार झोलाछाप डॉक्टरों पर की जा रही कार्यवाही के बाद भी झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार फल फूल रहा है।जी हां हम आपको बताते हैं स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा जब भी किसी झोलाछाप डॉक्टर को नोटिस दिया जाता है।जिसमें समय दो से तीन दिन का समय देकर उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद कार्यालय में यहां बुलाया जाता है,अब एक बड़ा सवाल सबके सामने होता है।कि वहां जाकर इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा किस तरह अपने आप को बचाया जाता है, और उनके खिलाफ नोटिस चश्मा की कार्यवाही को ठंडे बस्ते में क्यों और किस लिए डाला जाता है,ना तो डिग्री होती है और ना ही रजिस्ट्रेशन होता है।फिर भी बार-बार अपना बचाव ढूंढते हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ठोस कदम एवं कार्यवाही नहीं की जाती है,जिससे जनपद गाजियाबाद की भोली भाली जनता को जान और माल का खतरा बना रहता है।लोनी विधानसभा की बात करें तो एक-एक वार्ड में लगभग दो दर्जन से लेकर तीन दर्जन तक







झोलाछाप डॉक्टर अपना क्लीनिक संचालित कर स्वास्थ्य विभाग के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आते हैं।जैसे ही जनपद गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग की टीम कार्यवाही करने के लिए मौके पर पहुंचती है तो अलग-अलग नाम से बनी हुई संस्थाओं द्वारा उन्हें सूचित कर दिया जाता है।कि अगर टीम मौके पर पहुंचती है तो उनकी संस्था का सर्टिफिकेट दिखाकर कहे की हम इस संस्था से जुड़े हुए हैं।इन्हें नोटिस ना दिया जाए और ना ही कोई कार्यवाही की जाए,ऐसी संस्थाएं सर्टिफिकेट के साथ आई कार्ड भी झोलाछाप डॉक्टरों को मोटी रकम वसूल करने के बाद में दे रहे हैं,लगातार इतनी शिकायतों के बाद भी आखिर कार स्वास्थ्य विभाग सोया हुआ क्यों बैठा है।क्या इन झोलाछाप डॉक्टरों को प्राप्त सर्टिफिकेट व आई कार्ड देने वाली संस्था के ऊपर किसी बड़े व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है।अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध या संचालित उस संस्था के विरुद्ध किस प्रकार कार्यवाही करता है लगातार हम आपको खुलासे के साथ झोलाछाप डॉक्टरों सहित संस्था की सच्चाई उजागर करने का कार्य करते रहेंगे।जिससे जनता जागरुक होकर सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सरकारी बड़े हॉस्पिटल जाकर अपना सही समय पर उपचार करा सकें।और इन झोलाछाप डॉक्टरों से अपने व अपने परिवार की जान और माल की रक्षा कर सकें।

# पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की टीम लक्ष्मी कांत बाजपेयी (सासंद राज्यसभा) से उनके कार्यालय पर नए प्रदेश की मांग को लेकर मुलाकात की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)।** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की टीम लक्ष्मी कांत बाजपेयी (सासंद राज्यसभा) से उनके कार्यालय पर नए प्रदेश की मांग को लेकर मुलाकात की ’ उन्हें हर प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया, साथ ही उन्हें चेताया कि अब नया प्रदेश बन जाना चाहिए क्योंकि आम जनमानस को इस प्रदेश की बहुत जरूरत है। अब नही तो कभी नही वाली बात का साथ दीजिये।



बाजपेयी से विचार विमर्श में, मोर्चा के महासचिव कर्नल सुधीर चौधरी, डीएसपी जगदीश सिंह (जिलाध्यक्ष मेरठ) विनोद पहलवान (अध्यक्ष राष्ट्रीय खेल मोर्चा), डीएसपी बिजेंद्र सिंह (महानगर अध्यक्ष मेरठ जिला कमेटी), युधिष्ठर सिंह, पदम राठी, अंकुर चौधरी, रमेश रघुवंशी और अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का 69वॉं जन्मदिवस धूमधाम से मनाया, बसपा सरकार में बहन बेटियों को सम्मान मिलता था: जितेन्द्र गौतम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुलन्दशहर रोड स्थित उर्मिला सेलिब्रेशन में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 69वॉं जन्म दिवस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेरठ मंडल प्रभारी जितेन्द्र गौतम ने कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में दलित,पिछड़ों को सम्मान देने का काम किया। गरीबों को कांशीराम आवास व रोजगार देने व बहन बेटियों को सम्मान मिलता था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.एके कर्दम ने की। इस अवसर पर विशिष्ट्द अतिथि डा.देवेन्द्र भारती,चेयरमैन पुष्पा देवी,डा. मुजाहिद हुसैन,विपिन जाटव,महेश कुमार, गजेन्द्र फौजी,सतीश कश्यप,दिनेश कुमार एडवोकेट,सुरेश तोमर,शाहिद मंसूरी,हाजी बाबूद्दीन, मनीष सिंह,अनवार चौधरी, संजय वाल्मीकि, मनोज सागर आदि उपस्थित थे।



# पसवाड़ा में कम्पोजिट विद्यालय बना मैरिज होम, विद्यालय प्रांगण में सगाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर ब्लाक क्षेत्र के गांव पसवाड़ा में संचालित कम्पोजिट विद्यालय मैरिज होम बन गया। शासनादेश की अवहेलना करते हुए विद्यालय प्रांगण में सगाई कार्यक्रम का आयोजन किया।

मिली जानकारी के अनुसार सरकारी विद्यालयों में किसी भी प्रकार के निजी कार्यक्रम आयोजित पर प्रतिबंध लगा है। शासनादेश की अवहेलना करने पर पूर्व में विद्यालय प्रधानाध्यापक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई गयी है।

- ग्राम प्रधान ने कराया विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम: प्रधानाध्यापक
- मामले की जांच कराकर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी:बीईओ

बुधवार को गढ़मुक्तेश्वर ब्लाक क्षेत्र के गांव पसवाड़ा में संचालित कम्पोजिट विद्यालय में शासनादेश की अवहेलना करते हुए निजी सगाई कार्यक्रम का आयोजन किया। कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश ने बताया कि विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश चल रहा था।





बुधवार की सुबह वह जब विद्यालय में पहुंचे,तो उन्होंने देखा के विद्यालय प्रांगण में टेन्ट लगा हुआ था,भोजन भी बनवाया जा रहा है। जिसे देखकर वह आश्चर्य में पड़ गये। जानकारी करने पर पता चला कि यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है। इस सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी पंकज चतुर्वेदी का कहना कि पसवाड़ा में कम्पोजिट विद्यालय में सगाई कार्यक्रम की जानकारी मिल गयी है,वह मामले की जांच कराकर सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करेंगे।

# मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है: आचार्य राजीव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति द्वारा वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा में श्री आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज ने कहा कि मन ही बंधन और मोक्ष का कारण है , मन विषयों में आसक्त हो जाय तो बंधन का कारण बनता है।और यदि परमात्मा के चरणों में आसक्त हो जाय तो मोक्ष का कारण बनता है।

उन्होंने कहा कि भगवान ही सुख दुःख के दाता है। सबकुछ उन्ही पर छोड? से आनन्द मिलता है मनुष्य का मन पानी की भांति गड्ढे की तरफ ही भागता है जैसे जल ऊपर नही जाता वैसे ही मन का स्वभाव भी ऊपर नही जाता है मन को ऊपर उठाते हुए भगवान के चरणों तक ले जाना है जैसे किसी यन्त्र के माध्यम से जल भी ऊपर चढ़ जाता है वेसे ही मन्त्र के माध्यम से मन को ऊपर ले जाना है,जिसने अपना मन सुधार लिया वह दूसरों का भी मन सुधार सकता है।



उन्होंने गोवर्धन लीला की कथा कहते हुए उन्होंने बताया कि इंद्र के अभिमान को दूर करने एवं अपने भक्तों को अपनी निकटता प्रदान करने के लिए ही भगवान ने गिरिराज जी को अपनी उंगली पर धारण किया।

इस दौरान मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण की बाल लीला गोवर्धन पूजा महोत्सव व छप्पन भोग का आयोजन किया गया छप्पन भोग में छप्पन प्रकार की मिठाई व फलों,मेवा का गोवर्धन महाराज को भोग लगाया गया व आरती के पश्चात श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। आज के मुख्य यजमान पुनीत गोयल स्वाति गोयल रहे ।

इस अवसर पर शिवकुमार मित्तल, महेश तोमर,बिजेंद्र कंसल,खैलेन्द्र सैनी,सुरेश चंद गुप्ता,कालीचरन सैनी, हनी सैनी,पराग कंसल, नितिन सैनी,सोनू सैनी,सुरेंद्र बजाज, अजय गर्ग,अनंत स्वामी,रितु मित्तल,कविता कंसल, दुर्गेश तोमर, दीपांशी सैनी, हरदोई शर्मा, महिमा सैनी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षित बेटियां परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करती है: धर्मेश तोमर

## विधायक ने 152 ट्रैक सूट केजीबीवी की छात्राओं में वितरित किये, विधायक ने छात्राओं के साथ किया भोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड/धौलाना।** जनपद की धौलाना विधान सभा क्षेत्र में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम में भाजपा विधायक ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 152 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये। बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक धर्मेश सिंह तोमर पहुंचे। जहां विधायक ने 152 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये। जहां उन्होंने छात्राओं में ट्रैक सूट वितरित कर छात्राओं के साथ दोपहर का भोजन भी किया। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें,दोनों को समान शिक्षा दें,जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार,समाज व देश का नाम रोशन करें। शिक्षा प्राप्त करके ही उन्नति प्राप्त की जा सकती है।






इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर,खंड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स,जिला समन्वयक अमित शर्मा,पंकज यादव,मनीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस : किसानों की समस्याओं का प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में निस्तारण करें अधिकारी: संदीप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** बुधवार को जिला सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक ने उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषक बन्धुओं का स्वागत करते इसके उपरान्त किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र बाबूगढ़ से उपस्थित वैज्ञानिक डा0 अरविन्द कुमार द्वारा फसलो में लगने वाले रोग की रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया तथा पशुपालन विभाग से उपस्थित मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा गतमाह दिसम्बर, 2024 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषकों द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत कराया।



अपर जिलाधिकारी द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों / प्रतिनिधियों को अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# क्षेत्रिय विधायक धर्मेश तोमर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 152 ट्रेक सूट का वितरण किये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में क्षेत्रिय विधायक धर्मेश तोमर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 152 ट्रेक सूट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय को जल्द ही फर्नीचर व खाना खाने के लिए मेज कुर्सी की व्यवस्था कराने की बात कही। इस दौरान विधायक ने छात्रों के साथ ही भोजन किया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि सभी लोग बेटा बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें। जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने कहा कि बेटी बेटों से कम नहीं होती वह भी अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकती है, इसलिए दोनों में कोई फर्क न करें। इस दौरान उन्होंने जमीन पर बैठकर छात्रों को पढ़ते व भोजन करता देख विद्यालय को फर्नीचर दिलाने की बात कही। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स , अमित शर्मा, पंकज यादव, मनीष द्विवेदी तथा भाजपा के पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी आदि उपस्थित रहे।







**अनशन खत्म** वीसी को पीड़ित किसान ने सौंपा 15 सूत्रीय मांग पत्र

# एचपीडीए वीसी ने दिया आश्वासन,पीड़ित किसान ने अनशन किया खत्म

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित ग्राम चमरी निवासी नूतन प्रकाश त्यागी द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रवेश द्वारा के सामने किया जा रहा अनशन बुधवार को एचपीडीए उपाध्यक्ष द्वारा आश्वासन देने पर समाप्त हो गया। पीड़ित किसान ने वीसी को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर चेतावनी दी,कि दो सप्ताह में मांगें पूरी नहीं होने पर वह पुनःअनशन पर बैठेगा। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ को दिये 15 सूत्रीय मांग पत्र में पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी ने कहा कि खसरा संख्या 702 को मुआवजा,प्रतिकार किसके आदेश से उसके खाते में पहुंचा,खसरा संख्या 669 व 670 के फार्म सीसी की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने, ट्रांसपोर्ट नगर योजना में 18 फरवरी 2008 को हुए अवार्ड में करीब 94 रुपये प्रतिवर्ग मीटर होने के बाद करीब आठ गुना मुआवजा किस आधार पर किसानों को दिया गया,उस आदेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने आदि की मांग की है।

पीड़ित किसान नूतन प्रकाश त्यागी ने चेतावनी देते हुए कहा कि उसकी मांगों को दो सप्ताह में पूर्ण नहीं किया, तो वह पुनः प्राधिकरण प्रवेश द्वारा के सामने अनशन पर बैठेगा।






# गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओ से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (अकरम सैफी)।** कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस की भांति प्रातः10 बजे से अन्तिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की गई।बताते चलें कि जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयांतराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होता है,जिसके चलते जिलाधिकारी महोदय को अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा और उन्हें सुना जाता है।अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही ? पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयांतराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग,पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन,घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओ से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस मौके पर रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य गणमान्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**name change**

I ALOK KUMAR ARYA S/o Sh. VEERSAIN ARYA R/o H.N.612, NEW ARYA NAGAR, NR. RADHA SWAMI SATSANG BHAWAN PILKHUWA, HAVE CHANGED MY NAME FROM ALOK KUMAR ARYA to ALOK ARYA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र संजीत व पुत्र वधू रीना को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। संजीव व रीना द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**कमल पुत्र श्री भोलूराम**
**नि.-852,आवास विकास कालोनी,मेरठ रोड,थाना हापुड़ नगर,जिला हापुड़**

## सम्पादकीय

# मार्जिन पर कर लगाना नई बात नहीं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वस्तु व सेवाकर (जीएसटी) परिषद ने पुराने और इस्तेमाल किए गए वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं कि बिक्री के लाभ मार्जिन पर जीएसटी दर को बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। जीएसटी परिषद के इस ऐलान के बाद इसकी वसूली को लेकर आमजन में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। लोग उलझन में है, क्या उन्हें अपनी पुरानी गाड़ी को बेचने पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी देना होगा या यह कर सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता या डीलर के लाभ मार्जिन पर आरोपित किया जाएगा? बता दें कि सिर्फ पंजीकृत वाहन विक्रेता अपने लाभ मार्जिन पर जीएसटी का भुगतान करेगा। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को या किसी वाहन डीलर को अपनी पुरानी या इस्तेमाल की हुई गाड़ी बेचता है तो उस पर उसे कोई जीएसटी नहीं देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति 15 लाख रु पए में एक कार खरीदता है और 3 वर्षो तक उसका इस्तेमाल करता है, फिर उसे किसी व्यक्ति को 10 लाख रु पए में बेच देता है तो उसे बिक्री मूल्य पर कोई जीएसटी नहीं देना होगा।

इसी तरह, अगर कोई व्यक्ति अपनी पुरानी और इस्तेमाल की गई गाड़ी को किसी पंजीकृत वाहन विक्रेता को समान कीमत पर बेचता है तो भी उसे बिक्री की राशि पर कोई जीएसटी नहीं देना होगी। जब डीलर उसी कार को किसी ग्राहक को 11 लाख रुपए में बेचता है तो उस डीलर को 1 लाख रु पए का लाभ होता है, जिसे यहां मार्जिन की संज्ञा दी गई है पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 18,000 रु पए का भुगतान कर के रूप में करना होगा। यह कर पंजीकृत वाहन विक्रेता को इसलिए देना होगा, क्योंकि उसने यह लाभ अपने कारोबार के जरिये अर्जित किया है। इस क्रम में यदि पंजीकृत वाहन विक्रेता आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 32 केतहत बिक्री किए गए वाहन पर मूल्य ह्रास का दावा करता है तो भी उसे जीएसटी लाभ मार्जिनपरदेना होगा। यहां मार्जिन का अर्थ हुआ (विक्रय मूल्य-मूल्य ह्रास के बाद की शेष कीमत)। यदि यह मार्जिन नकारात्मक होगी तो डीलर को कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन अगर यह सकारात्मक होगी तो उसे विक्रय मूल्य और खरीद मूल्य के बीच के अंतर यानी मार्जिन पर जीएसटी देना होगा। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। किसी वाहन की कीमत 20 लाख रुपए है और विक्रेता उसमें 9 लाख रुपए के मूल्य ह्रास का दावा करता है और वाहन बेचने की कीमत 10 लाख रुपए निर्धारित करता है। ऐसे में वाहन का विक्रय मूल्य, जो 10 लाख रुपए है से मूल्य ह्रास के बाद की कीमत, जो 11 लाख रुपए है से घटाने पर नकारात्मक मार्जिन निकलता है, इसलिए उसपर कोई जीएसटी नहीं देना होगा, लेकिन यदि वाहन को 10 लाख रुपए की जगह 12 लाख रुपए में बेचा जाएगा तो 1 लाख रुपए का सकारात्मक मार्जिन निकलेगा और 18 प्रतिशत की दर से उस पर वाहन डीलर को 18,000 रुपए जीएसटी के रूप में सरकार को भुगतान करना होगा। मार्जिन पर कर लगाना कोई नई बात नहीं है। यूपीए के कार्यकाल के दौरान भी पुरानी या इस्तेमाल की गई गाडियों की खरीद-फरोख्त के क्रम में मार्जिन पर कर की वसूली की जाती थी, जिसे 'सर्विस टैक्स या सेवा करइ के नाम से जाना जाता था। उल्लेखनीय है कि इस कर की वसूली 2017 तक की गई है। जीएसटी परिषद के इस ताजा फैसले से पहले, 1200 सीसी या उससे ज्यादा इंजन क्षमता वाले पुराने वाहनों, जो पेट्रोल, एलपीजी या सीएनजी से चलते थे और 1500 सीसी या उससे ज्यादा सीसी वाले इंजन के डीजल वाहन पर वर्ष 2018 से 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी की वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं, पुराने इलेक्ट्रिक वाहनों पर भी 12 प्रतिशत की दर जीएसटी की वसूली की जा रही है। अस्तु, जीएसटी परिषद के ताजा फैसले पर कोई हाय-तौबा मचाने की जरूरत नहीं है। सकारात्मक तरीके से बात करें तो सरकार ने अपने इस पहल के माध्यम से सभी पुराने वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं की खरीद-फरोख्त पर जीएसटी की वसूली में एकरूपता लाने का काम किया है, जिसे सरकार की सराहनीय और प्रशंसनीय पहल कहा जा सकता है। भारत में पुरानी कारों का बाजार लगातार बढ़ रहा है। जाहिर है, बाजार में विस्तार होने से सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। दास वेल्ट ऑटो और कार एंड बाइक की इंडियन ब्लू बुक 2023 रिपोर्ट केअनुसार, भारत में पुरानी कारों का बाजार वित्त वर्ष 2022-23 में 31.33 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जिसके वित्त वर्ष 2027-28 तक 70.48 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढने का अनुमान है।

# आखिर प्रवासी श्रमिकों की दुर्दशा का कारण क्या है?



डॉ. सत्यवान सौरभ

**आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है**

भारत के असंगठित कार्यबल का एक महत्त्वपूर्ण लेकिन कमजोर वर्ग, प्रवासी श्रमिक, अक्सर सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से बाहर रह जाते हैं। दशकों से कानूनी ढाँचे और सिफारिशों के बावजूद, सामाजिक सुरक्षा तक उनकी पहुँच अपर्याप्त रही है। अंतरराज्यीय प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 में प्रावधान और असंगठित क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यम आयोग (2007) और असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (2008) द्वारा श्रमिक पंजीकरण के लिए सिफारिशों के बावजूद, ई-श्रम पोर्टल तक प्रवासी श्रमिक आधिकारिक डेटाबेस में काफी हद तक अदृश्य रहे। जबकि ई-श्रम पोर्टल पर 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, उनमें से अधिकांश को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में एकीकृत नहीं किया गया है। मौसमी और परिपत्र प्रवासियों को वंचितता, कलंक, तस्करी और सार्वजनिक सेवाओं तक खराब पहुँच सहित अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी उच्च गतिशीलता सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने को जटिल बनाती है। कई श्रमिकों में डिजिटल साक्षरता या ई-श्रम पंजीकरण और लाभ ट्रैकिंग के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुँच की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। राज्यों में अक्सर कल्याणकारी योजनाओं का असंगत कार्यान्वयन होता है, जिससे समन्वय सम्बंधी समस्याएँ पैदा होती हैं जो लाभों की पोर्टेबिलिटी को कमजोर करती हैं।

मौजूदा कल्याणकारी योजनाएँ जैसे कि मनरेगा, पीएम श्रम योगी मानधन और वन नेशन वन राशन कार्ड अक्सर अलग-अलग तरीके से काम करती हैं, जिससे प्रवासी श्रमिकों के लिए निर्बाध पहुँच में बाधाएँ पैदा होती हैं। 2021 में लॉन्च किए गए ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य असंगठित श्रमिकों का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसमें 300 मिलियन से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें प्रवासियों का एक महत्त्वपूर्ण अनुपात शामिल है। यह कल्याणकारी योजनाओं के लिए श्रमिकों की बेहतर पहचान और लक्ष्यीकरण की सुविधा प्रदान करता है। हालाँकि, यह मुख्य रूप से एक "पंजीकरण अभियान" है जिसका सामाजिक सुरक्षा में समावेश पर सीमित ध्यान है। 2024 में लॉन्च किया गया विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत करके पंजीकरण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुँच के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है। इसके लाभों में एकीकृत दृष्टिकोण, लाभों की पोर्टेबिलिटी और पारदर्शी तथा श्रमिक-अनुकूल प्रक्रिया शामिल है। हालाँकि, चिंताओं में मौजूदा योजनाओं का सीमित कवरेज, श्रमिकों में जागरूकता की कमी और अंतर-राज्य समन्वय का कमजोर होना शामिल है। ई-श्रम पोर्टल और ओएसएस प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली सामाजिक सुरक्षा चुनौतियों को सम्बोधित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। हालाँकि, उनकी सफलता कार्यान्वयन बाधाओं पर काबू पाने, निर्बाध अंतर-राज्य समन्वय सुनिश्चित करने और श्रमिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर निर्भर करती है।

आंकड़ों के अनुसार, जो लोग आजीविका की तलाश में स्थानीय और क्षेत्रीय सीमाओं के पार जाते हैं, उन्हें अपने मेजबान समाज में स्थायी रूप से बाहरी समझे जाने का अपमान सहना पड़ता है। श्रमिकों को अक्सर टेलीविजन स्क्रीन पर दुखद घटनाओं के पात्र के रूप में दिखाया जाता है, जिससे उनके योगदान और उन्हें प्राप्त मान्यता के बीच का अंतर उजागर होता है। राष्ट्र के बुनियादी ढांचे के पीछे की ताकत होने के बावजूद, राष्ट्रीय महानता के विमर्श में उनकी भूमिका को शायद ही कभी स्वीकार किया जाता है। पॉलिसी शून्य होने के कारण अक्सर असुरक्षित छोड़ दिया जाता है यद्यपि प्रवासी कार्यबल राष्ट्रीय गौरव के प्रत्यक्ष चिह्नों में महत्वपूर्ण योगदान देता है, फिर भी उनके अधिकारों को नियंत्रित करने वाली नीतियों का घोर अभाव है। अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979, इस विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास करने वाला एकमात्र कानून है। हालाँकि, आवास, स्वास्थ्य देखभाल, न्यूनतम मजदूरी और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की रोकथाम के लिए इसके प्रावधान अक्सर अधूरे रह जाते हैं। प्रवासी श्रमिकों के साथ उनकी मानवता पर विचार किए बिना एक नौकरी मशीन की तरह व्यवहार किया जाता है। सरकारी प्रणालियाँ अक्सर प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों और परिवर्तनों की परवाह नहीं करतीं।

प्रवासी श्रमिकों को न केवल कानूनी सुरक्षा नहीं मिलती बल्कि उन्हें शहर के प्रतिकूल वातावरण में भी संघर्ष करना पड़ता है। शहर सड़कों और इमारतों जैसे निर्माण के लिए प्रवासी श्रमिकों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इन शहरों में इन प्रवासी श्रमिकों की बुनियादी मानवीय आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त सहायता नहीं होती है। यहां स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सहायता, रहने के लिए अच्छे स्थान, सुरक्षा उपाय या बच्चों की देखभाल की सुविधाएं नहीं हैं। इससे प्रवासी श्रमिकों को सब कुछ खुद ही संभालना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों के बच्चों की दुर्दशा विशेष रूप से चिंताजनक है। शिशुओं को बड़े बच्चों की देखभाल में छोड़ दिया जाता है, जिनके पास स्वयं सार्थक शैक्षिक गतिविधियों तक पहुंच नहीं होती। इससे असुविधा का एक चक्र निर्मित होता है, जहां शिक्षा के अवसरों की कमी उनके माता-पिता द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों से मुक्त होने की उनकी क्षमता में बाधा डालती है।

प्रवासी श्रमिकों के लिए, एक टूटा हुआ अंग अक्सर कामकाजी जीवन के अंत का संकेत देता है। कार्यस्थल पर लगी चोटों के लिए शायद ही कभी पर्याप्त सहायता या चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो पाती हैं। घायल श्रमिक अपने घर लौटने के लिए बाध्य होते हैं, तथा उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित और आवश्यक पहुंच बहुत कम उपलब्ध होती है। गांवों से शहरी क्षेत्रों की ओर मौसमी प्रवास की आवश्यकता, प्रवासी श्रमिकों के समक्ष चुनौतियों को और बढ़ा देती है। शहरी आवास की स्थिति अक्सर बहुत खराब होती है, जिससे शहर का मौसम दुख का एक अतिरिक्त स्रोत बन जाता है।

प्रवासी श्रमिकों के लिए काम से परे जीवन की गंभीर वास्तविकताएं तत्काल ध्यान देने और व्यापक समाधान की मांग करती हैं। विचारशील शहरी नियोजन को कार्यस्थलों से आगे बढ़कर प्रवासी श्रमिकों के जीवन के संपूर्ण आयाम को शामिल करना चाहिए, जिससे न केवल रोजगार बल्कि सम्मान, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा भी उपलब्ध हो सके। बच्चों के लिए शिक्षा के अवसरों की उपेक्षा, घायल श्रमिकों के लिए सहायता की कमी, तथा शहरी आवास की प्रतिकूल परिस्थितियों के लिए लक्षित नीतियों की आवश्यकता है।

प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों से निपटने के लिए नीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। उनकी विविधता का केवल जश्न मनाने के बजाय, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को समझने और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए एक ही नीति के दृष्टिकोण से हटकर सूक्ष्म नीतियों की ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है, जो प्रवासी श्रम शक्ति की जटिलताओं पर विचार करें।

## ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।

अजनबी,पराया सा दिखता है वो।
अपनी सांसों में छुपा रखता है वो।

रोजाना रूबरू हो न नहो।
जेहन में बसा रखता है वो।

कितनी भोली नादान है वो शायद ।
खुद को मुझे सौंप जाती है वो।।

बेरुखी का आलम तो देखिए साहब।
ख्यालों से अपने भिगो जाता है वो।।

मोहब्बत इक रूहानी रिश्ता है जनाब ।
झुकता मैं हूं,सजदे कर जाता है वो।।

महफूज रहे महकती सांसों की डोर,
धमनियों में लहू सा बहा जाता है वो।।

नेकी का सिला तो देखिये संजीव।
मुझ फकीर से वास्ता रखता है वो।।



संजीव ठाकुर, रायपुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# साइबर अपराध में बच्चों की भागीदारी: एक सामाजिक चेतावनी



प्रो. आरके जैन "अरिजीत", बड़वानी (मप्र)

मेवात क्षेत्र में नाबालिग बच्चों का साइबर ठगी में उपयोग एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। यह मुद्दा न केवल बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि समाज के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। 13 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे, जो शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते थे, अब अपराध की जटिल गलियों में भटकने लगे हैं। ठग गिरोह इन बच्चों की मासूमियत और तकनीकी कौशल को हथियार बनाकर उन्हें जटिल साइबर अपराधों में धकेल रहे हैं। ये गिरोह योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को फर्जी सिम कार्ड का उपयोग, बारकोड हैकिंग और ऑनलाइन ठगी जैसे कार्यों में प्रशिक्षित कर रहे हैं। इन बच्चों को अक्सर दूरस्थ क्षेत्रों में ले जाकर अपराध के लिए तैयार किया जाता है, जहाँ उनकी मासूमियत का शोषण किया जाता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की कमी इस समस्या की जड़ है। इन इलाकों में न तो बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही उन्हें यह सिखाने का कोई साधन है कि तकनीक का उपयोग सकारात्मक उद्देश्यों के लिए कैसे किया जा सकता है। शिक्षा के अभाव में बच्चे आसानी से अपराधी तत्वों के प्रभाव में आ जाते हैं। तकनीकी ज्ञान और सही दिशा-निर्देश की कमी उनके लिए एक बड़ा खतरा बन जाती है। ठग गिरोह इस स्थिति का लाभ उठाते हुए बच्चों को जल्दी धन कमाने के झूठे सपने दिखाते हैं। बच्चों की जिज्ञासा और नई चीजें सीखने की तीव्र क्षमता का दुरुपयोग कर, ये गिरोह उन्हें साइबर अपराधों में फंसा देते हैं।

माता-पिता की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। व्यस्त जीवनशैली के कारण वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने में असमर्थ रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कठिनाइयों के कारण माता-पिता का अधिकतर समय आजीविका अर्जित करने में व्यतीत होता है। इस स्थिति का फायदा उठाकर ठग गिरोह बच्चों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। इन गिरोहों को यह भली-भांति पता होता है कि बच्चे नई तकनीकों को जल्दी सीखने और उपयोग करने में माहिर होते हैं। यही कारण है कि ये अपराधी गिरोह बच्चों को अपने उद्देश्यों के लिए प्रशिक्षित करने में सफलता पाते हैं।

इस समस्या का समाधान केवल शिक्षा के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाना आवश्यक है। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि उनके कौशल और ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में किया जा सकता है। कोडिंग, वेब डिजाइनिंग, एप्लिकेशन विकास और सॉफ़्टवेयर निर्माण जैसे कौशलों में बच्चों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। जब बच्चों को यह एहसास होगा कि उनकी प्रतिभा समाज के लिए उपयोगी हो सकती है, तो वे अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे।

सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ठग गिरोहों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क रहते हुए अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बेहद जरूरी है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए और तकनीकी शिक्षा को पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। बच्चों को यह समझाने की जरूरत है कि तकनीकी ज्ञान केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी है।

माता-पिता और शिक्षक समाज की नींव हैं। उन्हें बच्चों की गतिविधियों और दिनचर्या पर नजर रखनी चाहिए। बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना और उनके मनोबल को सही दिशा में बढ़ाना अनिवार्य है। बच्चों को यह समझाना आवश्यक है कि त्वरित धन और शीघ्र सफलता के लालच केवल भ्रम हैं, जो उनके भविष्य को बर्बाद कर सकते हैं। इसके विपरीत, छोटे-छोटे सकारात्मक प्रयास समाज और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा बच्चों के लिए एक सशक्त माध्यम बन सकती है। यदि बच्चों को कोडिंग, ऐप विकास, सॉफ्टवेयर निर्माण, और डिजाइनिंग जैसे तकनीकी कौशल सिखाए जाएं, तो वे अपनी ऊर्जा और क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग कर सकते हैं। यह न केवल उनके करियर को सशक्त बनाएगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाएगा। जब बच्चे यह समझने लगेंगे कि उनकी तकनीकी प्रतिभा से समाज को लाभ हो सकता है, तो वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएंगे।

समाज, सरकार और परिवार के सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों को सही दिशा में प्रेरित करना होगा। समाज को यह समझना होगा कि बच्चों का भविष्य केवल तकनीकी शिक्षा पर निर्भर नहीं है, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों को सिखाने पर भी आधारित है।

यह प्रयास केवल एक समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि यह एक नई दिशा का प्रारंभ होगा। एक ऐसा भविष्य, जहाँ हर बच्चा अपनी क्षमता का उपयोग समाज की भलाई के लिए करेगा और अपराध से दूर रहेगा। सामूहिक प्रयासों से हम न केवल बच्चों को सुरक्षित बना सकते हैं, बल्कि समाज को भी सुदृढ़ और प्रेरणादायक बना सकते हैं। यह एक नई सुबह का आगाज होगा, जहाँ हर बच्चा अपने कौशल का उपयोग सृजनात्मक और सकारात्मक कार्यों में करेगा और समाज के लिए अमूल्य योगदान देगा।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — रोग की रोकथाम करें सर्जरी की नौबत आ सकती है, मन में कठोरता और अकेले रहने के भाव रहेंगे,थोड़ा कंजूस रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**वृषभ** — बाहरी लोगों से व्यापारिक डील में देरी हो सकती है, वैवाहिक संबंधों में टकराव की स्थिति सम्भव है, पड़ोसी की मदद कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-58

**मिथुन** — संबंधो में सुधार का प्रयास करे, पेकिंग मटीरियल, दवाई, बीमा, मार्केटिंग कार्य में परिश्रम बढ़ेगा, नौकरी ज्वाइन करते समय शर्ते पढ़े। भाग्य प्रतिशत-62

**कर्क** — किसी कोर्स के एंट्रेंस की तैयारी में परेशानी होगी, कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्रदर्शन में सुधार करें, खुद की इमेज पर कार्य करने की जरूरत है। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — परिवार, संतान को लेकर कोई चिंता सम्भव है, गणित विषय में बच्चो को समस्या आयेगी, पड़ोस के विवाह समारोह का निमंत्रण मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**कन्या** — स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टर व दवा बदल सकते है, विदेश यात्रा में कोई परेशानी आ सकती है, इच्छित कम्पनी में इंटरव्यू दे सकते है। भाग्य प्रतिशत-53

**तुला** — खुद की फिटनेस पर ध्यान देंगे, ऐसी रिश्तों को अधिक तवज्जो देंगे जिनसे फायदा मिले, संतान के भविष्य के लिए असुरक्षा की भावना बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-68

**वृश्चिक** — अपने प्रयासों को जारी रखे, कार्य व्यवसाय में स्तर से नीचे नहीं आयेंगे जिससे उन्नति होगी, सद्बुद्धि से धन की कमी दूर होगी। भाग्य प्रतिशत-59

**धनु** — विवाह का प्रस्ताव मिलेगा, हालांकि कुछ कार्यो में रुकावट अभी भी है, मित्रो द्वारा कोई कार्य बनेगा, धन भी आएगा। भाग्य प्रतिशत-71

**मकर** — गलत विचारो को तुरन्त छोड़ दे, अपने कार्यक्षेत्र में अधिक समय देंगे, ठंड से बचें, माता को स्वास्थ्य समस्या बढ़ सकती है। भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** — धर्म कर्म की कृपा से कोई रास्ता बनेगा, रुक रहे कार्य फिर से शुरू होंगे, पिता के धन से कोई अपना कार्य बनेगा, प्रॉपर्टी भी ले सकते है। भाग्य प्रतिशत-79

**मीन** — स्वास्थ्य को लेकर परेशानी है, पड़ोस में कोई मांगलिक कार्य होगा, कंधों में एवं गठिया का दर्द सम्भव है, बाहर शिक्षा ले रहे है तो मन लगने में समस्या होगी। भाग्य प्रतिशत-57



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# त्वचा की कोमलता के लिए हल्दी फेस पैक

किचन में मौजूद हल्दी खाने के स्वाद को बढ़ाने के साथ साथ चेहरे को सुंदर बनाने में भी मददगार साबित होती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी.इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को हेल्दी रखते हैं और अनेक समस्याओं को दूर करते हैं। हल्दी मेलेनिन के प्रोडक्शन को रेगुलेट करती है, जिससे आपकी रंगत को निखारने रंग, प्राकृतिक स्किन टोन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

सौंदर्य और सेहत से जुड़े इसके गुणों के कारण ही ये भारतीय परंपरा का अटूट हिस्सा है।

अगर आपकी स्किन डल और बेजान रहती है और चेहरे पर कई तरह के दाग धब्बे हैं तो इसके लिए महंगे ब्यूटी सैलून्स में जाने की बजाय हल्दी के प्रकृतिक और देशी नुस्खे से कहीं ज्यादा बेहतर परिणाम मिल सकते हैं और इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होते।हल्दी के नियमित उपयोग से त्वचा साफ -सुथरी ,बेदाग और निखरी निखरी लगती है। हल्दी का फेस पैक आप कई तरीके से बना सकते हैं।

**हल्दी.दूध फेस पैक**

हल्दी और दूध का फेस पैक बनाने के लिए आधा छोटा चम्मच हल्दी में दो छोटा चम्मच दूध मिलाएं। इसे अच्छी तरह से मिलाकर फेस पैक की तरह चेहरे पर अप्लाई करें।

फेस पैक को सूखने दें। हल्के हाथों से रब करते हुए पानी से त्वचा को साफ कर लें/

हल्दी और दूध का फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच कच्चे दूध में चुटकी भर हल्दी डालकर अच्छे से मिश्रण बना लें।इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर आधा घण्टा तक छोड़ दें।

अब चेहरे को सामान्य ताजे पानी से लें। बेहतर परिणाम के लिए इस पैक को हफ्ते में दो या तीन बार लगाएं।

1 चम्मच दूध में 2 चुटकी हल्दी मिलाकर बने मिश्रण को

रात को सोने से पहले कॉटन या साफ हाथों से त्वचा पर अप्लाई करें।

फिर उंगलियों को सर्कुलर मोशन में घुमाते हुए कुछ देर तक त्वचा को मसाज दें।

सुबह सामान्य पानी से त्वचा धोएं, 2 -3 हफ्तों में आपको अंतर नजर आना शुरू हो जायेगा।



शहनाज हुसैन

**बेसन और दही फेस पैक**

बेसन दही फेस पैक बनाने के लिए कांच के एक बर्तन में 2 चम्मच बेसन में 2 चम्मच दही और एक चुटकी हल्दी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। करीब 30 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो लें।

हल्दी और शहद का फेस पैक रूखी और बेजान त्वचा के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

यदि आपकी त्वचा ड्राई रहती है तो शहद और हल्दी के पेस्ट को मिक्स करके लगाने से त्वचा मुलायम रहती हैं और त्वचा में नमी बनी रहती है।

हल्दी और शहद का फेस पैक बनाने के लिए कांच की कटोरी में 1 चम्मच शहद लीजिए फिर इसमें 2 चुटकी हल्दी पाउडर मिक्स कर लीजिए फिर आप इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं।इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर सूखने पर ठन्डे पानी से धो लें।

अगर आप कील मुहांसों की समस्या से जूझ रहे हैं तो शहद, हल्दी और गर्म पानी को मिक्स करके चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरे को साफ पानी से धो डालें।इससे कुछ हफ्तों बार आपका चेहरा साफ सुथरा हो जायेगा /

हल्दी को भूनकर उसमें शहद मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को 15 मिनट तक अपने चेहरे पर लगाएं और सामान्य ताजे पानी से चेहरा साफ कर लें। बेहतर परिणाम के लिए इस पेस्ट को आप हफ्ते में दो बार इसे इस्तेमाल कर सकते हैंद्ध हल्दी में दही मिलाकर लगाने से त्वचा को पोषण मिलता है। यह आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। फेस पैक बनाने के लिए आधा कप दही में आधा चम्मच हल्दी और आधा चम्मच शहद मिलाकर एक स्मूथ पेस्ट बनाएं। इसे अपनी स्किन पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद साफ और ठंडे पानी से अपने स्किन को धोएं।इस फेस पैक ऑफ हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं और इसके लगाने से चेहरे पर टैन की समस्या से मुक्ति मिलेगी और चेहरे पर निखार आएगा। और मृत कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है। यह एक प्राकृतिक क्लींजर की तरह भी काम करता है। दही में मौजूद पोषक तत्व आपकी त्वचा को अंदर से पोषण देते हैं और लैक्टिक एसिड आपकी त्वचा को एक्सफोलिएट करके उसे चमकदार बनाता है।

**लेखक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।**

# कवित्री पुष्पा रानी की पुस्तक ष्भावों के रंग ष्का हुआ विमोचन, समय-समय पर इस प्रकार के विमोचन होते रहने चाहिएः ओपी राणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । बरौला बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में कवित्री पुष्पा रानी की पुस्तक ष्भावों के रंग ष्का




विमोचन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्म योगी कवि ओमप्रकाश राणा, विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष राजेश गौड़ एवं डॉक्टर दिनेश शर्मा रहे तथा अध्यक्षता नरेंद्र शर्मा नरेंद्र ने की स मंचासीन अतिथियों ,पुष्पा रानी एवं सुधा सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर माल्यार्पणकरते हुए पुस्तक का विमोचन किया ससभी अतिथियों को माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। द्वितीय चरणों में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवि डॉ संगीता राज ,डॉक्टर संगीता राजपूत श्यामस, प्रदीप चैहान , हरबंस सिंह हरि ,चाचा उदयभानी, अभय सिंह अभय, धर्मेंद्र विद्रोही , डी पी सिंह, भूपेंद्र कुमार गोयल ,बलवीर सिंह बेचैन, तेजवीर सिंह त्यागी ,प्रकाश एवं लोकेश ने अपनी कविता पाठ के माध्यम से चार चांद लगाए तथा तालियां बटोरी कार्यक्रम का कुशल संचालन कवि श्री मनोज नगर एवं गौरीशंकर गालिब स्वामी ने किया कवित्री एवं लेखिका पुष्पा रानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने सर्किट हाउस एवं गभाना में की जनसुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी द्वारा सर्किट हाउस एवं तहसील गभाना सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय

**जिला कारागार में महिला बैरक का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि राज्य महिला आयोग महिलाओं, बालिकाओं के अधिकार सुनिश्चित कराने के लिए, उनकी समस्याओं शिकायतों की सुनवाई करने के लिए समय-समय पर जिलों में जनसुनवाई का आयोजन करता है। जहां मौके पर ही स्थानीय विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुन निराकरण कराया जाता है।सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान तहसील कोल निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर सदस्य द्वारा वन स्टॉप सेंटर एवं संबंधित थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से दोनों पक्षों को बुलाकर जांच करने के उपरांत समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान





महिलाओं के स्वास्थ्य सुविधाएं, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, मारपीट, भूमि विवाद संबंधी 14 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर निस्तारण करा दिया गया। सदस्या ने शेष शिकायतों को मौके पर संबंधित पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों को संदर्भित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील गभाना में जनसुनवाई के दौरान 03 शिकायतें प्राप्त हुईं। सदस्य ने कहा कि ऐसे मामले जो आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जा सकते हैं, यथा संभव प्रयास कर उनका निपटारा किया जाए और जिन मामलों में विधिक प्रक्रिया अपनाई जानी है उनमें नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरणों को निस्तारित कराया जाए। सदस्या द्वारा महिला जनसुनवाई के उपरांत जिला कारागार स्थित महिला बैरक का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से ठण्ड एवं शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत कंबल एवं अलाव के संबंध में फीडबैक लिया जिस पर बंदियों ने अलाव एवं कंबल की उपलब्धता के बारे में अवगत कराया। मा0 सदस्य ने निरीक्षण के दौरान जेल के साफ-सफाई एवं खान-पान व्यवस्था पर संतोष प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को स्कूल बैग, पानी की बोतल और बिस्किट भी वितरित किए।इस अवसर पर एसपी क्राइम ममता कुरील, महिला थाना इंचार्ज रेखा गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती हितेश कुमारी, सीमा अब्बास, सीडीपीओ आशा त्रिपाठी, तहसीलदार गभाना समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# घने कोहरे के चलते हादसाः तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टेंपो को मारी टक्कर, हादसे में मजदूर की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रोहटा।** थाना क्षेत्र के अरावली गावं निवासी राहुल पुत्र धर्मपाल मजदूरी करता था। राहुल के परिवार में पत्नी, एक 11 वर्ष का बेटा और 9 वर्ष की बेटी है। रोजाना की तरह बुधवार सुबह भी राहुल मजदूरी करने के लिए टेंपो में सवार होकर मेरठ की ओर जा रहा था। जब वह कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में रोहटा रोड पर दिलावरा गांव के पास पहुंचा तो बड़ौत की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रैक्टर घने कोहरे के चलते टेंपो से टकरा गया. टक्कर लगने से टेंपो के बाहरी तरफ बैठा राहुल सड़क पर गिर गया और उसके ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया उतर गया।





हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टैंकों में सवार कई अन्य मामूली रूप से घायल हुए हैं। राहगीरों की भीड़ जमा होने से पहले ही मौका पाकर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वहीं, सूचना पर मृतक के परिजन और ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने रोष जताते हुए सड़क पर जमा हो गए। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को समझाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए साईकिल रैली को डीडीओ ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महाकुंभ सनातन संस्कृति की एकता की प्रतिमूर्ति है। यह उद्गार जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या ने महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के

**महाकुंभ सनातन संस्कृति की एकता की प्रतिमूर्ति- आलोक आर्या**

लिए आयोजित साईकिल रैली को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल एवं खेलकूद विभा के तत्वाधान में आयोजित साईकिल रैली को जिला विकास अधिकारी आलोक आर्या द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना




किया गया। साइकिल रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस स्टेडियम पर आकर समाप्त हुई, जहां कार्यक्रम अध्यक्ष यूपीआरएनएसएस के अधिशासी अभियंता अखिलेश शुक्ला ने कहा कि महाकुंभ के आयोजन से उत्तर प्रदेश की विश्व पटल पर एक नई पहचान बनी है। कार्यक्रम के अंत में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी एम0पी0 कुशवाहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राममिलन, आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा, व्यायाम प्रशिक्षक डा0 राष्ट्रवर्धन लोधी, कोच शौकत अली एवं मीनाक्षी समेत रैली में प्रतिभाग करने वाले युवक एवं महिला मंगल दल व पीआरडी जवान उपस्थित रहे।

# नववर्ष में मिली स्मार्ट स्कूल की सौगात-महापौर ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के विजन को बदला हककित में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अलीगढ़ में विकास कार्यों के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय एलमपुर में स्मार्ट स्कूल के निर्माण

**प्रदेश का पहला 1000 छात्र छात्राओं की संख्या वाला प्राथमिक स्मार्ट विद्यालय का हुआ भव्य शिलान्यास**

कार्य का शिलान्यास किया गया है। यह कार्यक्रम माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश संदीप सिंह, महापौर प्रशांत सिंघल, नगर आयुक्त विनोद कुमार, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, बीएसए राकेश कुमार सिंह, और पार्षद दिनेश जादौन, हरीश सैनी, हरिशंकर संजय गोयल की मौजूदगी में संपन्न हुआ।बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश संदीप सिंह ने कहा कि देश की नीति व देश को सशक्त बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की भूमिका बेहतर सराहनीय है उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय स्कूलों में कायाकल्प का ऐतिहासिक कार्य हो रहा है।यह स्मार्ट स्कूल उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा






नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राज्य के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट स्कूल अलीगढ़ के छात्रों के लिए एक नए युग की शुरूआत करेगा, जहां वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए आवश्यक शिक्षा और सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।महापौर प्रशांत सिंघल ने इस स्मार्ट विद्यालय में एक स्विमिंग पूल बनाने के लिए भी कहा है, जो इस स्मार्ट स्कूल की एक और महत्वपूर्ण सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह जी के सत्य वचन ङ्कशिक्षा के मंदिरङ्क को ये स्मार्ट विद्यालय सार्थक सिद्ध करेगायह स्मार्ट स्कूल अलीगढ़ के छात्रों के लिए एक आदर्श शिक्षा केंद्र होगा, जहां वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए आवश्यक शिक्षा और सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कि यह स्मार्ट स्कूल अलीगढ़ के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शहर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट स्कूल अलीगढ़ में शिक्षा के लिए एक नई पहचान बनाएगा और आने वाला भविष्य इस स्मार्ट स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात शिक्षा की ज्योत को और आगे ले जाएगा उन्होंने बताया कि इस स्मार्ट स्कूल के निर्माण में लगभग 2,49,94,931 करोड़ की अनुमानित धनराशि खर्च की जाएगी, जिसमें निविदा धनराशि ?2,48,70,839 करोड़ है। यह परियोजना 9 जनवरी 2025 से शुरू हुई है और इसके पूरा होने की तिथि 8 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इस परियोजना को मैसर्स एस0 के0 बिल्डर्स द्वारा पूरा किया जाएगा। स्मार्ट स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 86 के 7 क्लास रूम, 56 का ऑफिस, 66 का रसोईघर, 33.39 का स्टॉफ रूम, 32.95 का फीस काउंटर, 3.252.25 के 2 शौचालय, और 2.502.50 के आकार के गार्ड रूम का निर्माण होगा। इसके अलावा, प्रथम तल पर 86 के 7 क्लास रूम, 11.236 का कंप्यूटर लैब, 63 में लाइब्रेरी, और 3.256 में टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण होगा।उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अलीगढ़ नगर निगम का प्रयास इस स्कूल की भांति शहर के दो अन्य स्कूलों को भी स्मार्ट स्कूल के रूप में बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# जनपद आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के जनपद अलीगढ़ आगमन




पर समाजवादी यूथ फ्रंटल के अध्यक्षों ने स्वागत किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने यूथ फ्रंटलों के अध्यक्षों को निर्देश दिया कि सब लोग 2027 के चुनाव की तैयारी में लग जाए और पीडीए को मजबूत करें स्वागत करने वालों में लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मो० सालिम छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती छात्र सभा के जिला अध्यक्ष राज सिंह राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा नितिन बघेल छात्र नेता इमरान पठान महानगर महासचिव दुर्गेश यादव शहर विधानसभा अध्यक्ष छात्र सभा कुलदीप चंदेल प्रभाव सिंह महानगर प्रवक्ता आबिद मलिक महानगर कोषाध्यक्ष कोल विधानसभा अध्यक्ष विनोद चौहान नीरज सिंह सरदार जी राकेश लाल दीपक चौहान महानगर सचिव अंकित यादव महानगर सचिव आदिल अब्बासी छात्र नेता इमरान पठान आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी देहात ने किया सरधना थाने का औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने सरधना थाने का औचक निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंनें थाना प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए लम्बित विवेचनाओं को जल्द से जल्द निपटाने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान एसपी देहात ने आईजीआरएस कार्यालय, बैरिक, कम्प्यूटर रूम के अलावा थाने के दस्तावेज देखे। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्थाएं को परखा और थाना प्रभारी से फरियाद लेकर आने वाले लोगों की शिकायत को सुनकर उसका तुरंत




निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारी निरीक्षक को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कहा। एसपी देहात राकेश मिश्रा ने थाना प्रभारी के आवास के निकट थाना परिसर में खड़े वाहनों को भी निस्तारित करने के निर्देश दिए।उन्होंने जानलेवा हमला, चोरी, लूट, डकैती के अपराधियों पर पैनी नजर रखने और तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।वहीं साइबर अपराध के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए कहा गया। ठगी होने पर1930 पर तत्काल सूचना देने के लिए कहा।उन्होंने महिला संबंधी अपराधों पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसपी देहात राकेश मिश्रा,क्राइम इंस्पेक्टर, मौजूद रहे।

**सुनीं समस्याएं** महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारणः डा0 मीनाक्षी भराला

# राज्य महिला आयोग की सदस्य डा0 मीनाक्षी भराला ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ मीनाक्षी भराला ने बुधवार को सर्किट हाऊस में महिलाओं की समस्याएं सुनी और उनका निस्?तारण किया। महिला उत्पीड़न रोकने और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। डॉ0 मीनाक्षी भराला ने जन सुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न और विभिन्न योजनाओं में लाभ दिलाने से संबंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पात्रता के आधार पर अनिवार्य रूप से लाभ दिलाया जाएगा। कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए। सदस्या डॉ मीनाक्षी भराला ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होने




कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीडन से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि कैम्प लगाकर बालिकाओ/महिलाओ को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पेंशन तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ दिलाया जाये।

तत्पश्चात मा0 सदस्य द्वारा राजकीय महिला शरणालय का निरीक्षण भी किया गया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नगर) बृजेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी,जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार गुप्ता व अन्य संबंधित अधिकारी,पुलिस प्रशासन से एएसपी (यू0टी) देवेश चतुर्वेदी,थाना प्रभारी महिला थाना आदेश कौर, वन स्टॉप सेंटर से विनीता प्रोबेशन कार्यालय से डॉ श्रीति सगर आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में समारोहपूर्वक 24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा यूपी दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस-2025 का आयोजन विगत वर्षो की भांति समारोह पूर्वक किया जाना है। विगत वर्ष विभिन्न विभागों की सहभागिता से उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया था।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं कियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जनवरी को अपरान्ह 01:00 बजे कलेक्ट्रेट समाकक्ष में बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उपरोक्त सभी सम्बन्धित तैयारियों के साथ ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### महापौर ने तलब किया सी.एम. ग्रिड्स 7 सड़को की प्रोग्रेस रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** महापौर व नगर आयुक्त ने किया सी.एम. ग्रिड्स रोड का निरीक्षण खराब प्रगति व दोयम दर्जे की निर्माण सामाग्री पर नगर आयुक्त हुए खफा-महापौर की दो टूक हिदायत माननीय मुख्यमंत्री की सर्वोच्च



प्राथमिकता की जनकल्याणकारी सी.एम. ग्रिड्स योजना की सड़कों में खराब निर्माण सामाग्री इस्तेमाल करना पड़ेगा भारी-ठेकेदार से लेकर इंजीनियरिंग विभाग के जेई, एई, एक्ससियन की होगी जिम्मेदारी मिट्टी कहा गयी प्रकरण से ले निर्माण विभाग सबक-सड़क निर्माण के लिए साइड पटरी व नाले से निकलने वाली हर एक ईंट का रखे ख्याल तैयार करें ब्यौरा-नगर आयुक्त को रामघाट रोड नाला निर्माण में मिली कमियां-ईंटो के सैम्पल को भेजा लैब।

### जिपं बोर्ड की बैठक 25 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह की अध्यक्षता में 25 जनवरी को अपरान्ह 12:30 बजे जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत विकास योजना एवं जिला पंचायत बोर्ड की संयुक्त बैठक आहुत की गई है।अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने उक्त जानकारी दी है।

### ठण्ड एवं शीतलहरी के दृष्टिगत सभी बोर्ड के विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 08 तक 18 जनवरी तक अवकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । जिलाधिकारी विशाख द्वारा अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी बेसिक शिक्षा परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं समस्त बोर्ड के नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का 16 जनवरी से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 राकेश कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित विद्यालायों के प्रधानाचार्यों एवं प्रबंधकों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत लोधा की बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** ब्लॉक प्रमुख ठा0 हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड लोधा सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3.50 करोड रुपए की धनराशि से विकास खण्ड में कराये जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों यथा- सडक, नाली एवं मरम्मत कार्य पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों से चर्चा कर अनुमोदन किया गया।खण्ड विकास अधिकारी लोधा आदिल फैज द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.70 करोड रुपए की धनराशि से कराये गये विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यो के बारे में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा (शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, कृषि, लघु सिंचाई, पशुपालन एवं पंचायती राज) विभागीय योजनाओं के कियान्वयन एवं मानकों की जानकारी दी गयी।

# निजीकरण के विरोध में विद्युतकर्मियों का प्रदर्शन जारी!

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने के विरोध में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने मंगलवार को समस्त जनपदों एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा की और कार्य के दौरान पूरे दिन काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली के निजीकरण हेतु टेंडर नोटिस प्रकाशित होने के बाद से ही बिजली कर्मचारियों में लगातार गुस्सा बढ़ रहा है और वे अपना आक्रोश प्रदर्शित करने के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं। काली पट्टी बांधकर विरोध का अभियान 18 जनवरी तक चलेगा। 18 जनवरी को आगे के कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। इसी क्रम में जनपद संभल के अलावा राजधानी लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद,बुलंद शहर, नोएडा, मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़, कानपुर, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में बड़ी सभाएं हुईं। राजधानी लखनऊ में रेजिडेंसी, तालकटोरा, मध्यांचल मुख्यालय, पारेषण भवन, एसएलडीसी और शक्ति भवन पर विरोध सभा आयोजित की गई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों आशीष कटारिया, कृष्ण कुमार सोनकर, वरुण कुमार, शिवम शर्मा, मोहित शर्मा, अजय चौरसिया ने कहा कि निजीकरण हेतु जारी किए गए आर एफ पी डॉक्यूमेंट में सारी शर्तें कर्मचारियों के विरोध में लिखी हुई है। हजारों कर्मचारियों को निजीकरण के बाद निजी घरानों के रहमों करम पर छोड़ दिया जाएगा। कर्मचारियों के सामने एक ही विकल्प होगा या तो वह निजी कंपनी की शर्तों पर काम करें और वह भी तब जब निजी कंपनी उनको अपने यहां काम पर रखें, अन्यथा की



स्थिति में वी आर एस लेकर घर चले जाए। आर एफ पी डॉक्यूमेंट में अर्ली वी आर एस की बात लिखी है अर्थात जल्दी से जल्दी घर जाएं। अर्ली वी आर एस संभवतः इसलिए लिखा गया है कि निजी घरानों को सरकारी कर्मचारियों को अपने यहां रखना ही नहीं है। एक साल तक बिजली कर्मी निजीकरण के बाद निजी कम्पनी में काम करने हेतु बाध्य होंगे। एक साल में जब निजी कंपनी ढर्रे पर आ जाएगी तब वह सभी सरकारी कर्मचारी घर भेज दिए जाएंगे जो निजी कंपनी को सूट नहीं करते।

संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का मतलब होगा 50000 संविदा कर्मचारियों की नौकरी जाना और 26000 नियमित कर्मचारियों की छटनी। निजीकरण के विरोध को दबाने के लिए संविदा कर्मियों को हटाने, नियमित कर्मचारियों को निलम्बित करने जैसे अवैधानिक कार्य पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन द्वारा किए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि प्रबंधन यह समझता है कि बिजली कर्मियों को डराकर निजीकरण थोपा जा सकता है तो यह प्रबंधन की गलत फहमी है। बिजली कर्मी किसी भी कीमत पर निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे और निजीकरण वापस होने तक आन्दोलन जारी रहेगा।

# राजकुमार विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला (बच्चन सिंह )।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सत्र का प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन 'कौशल विकास हेतु युवा' को दृष्टिगत रखते हुए किया गया। उदघाटन महाविद्यालय के संरक्षक व प्राचार्य प्रो. एमए गौरी ने किया। उन्होंने शिविरार्थियों को बताया कि रासेयो के द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व प्रबन्धन और संगठन के गुण विकसित होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल ने शिविरार्थियों को रासेयो शिविर का उददेश्य महत्व, सिद्धान्त वाक्य, प्रतीकचिन्ह, वैज, उनके कर्तव्य एवं आचार संहिता से अवगत कराया इनके बाद महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. नम्रता वर्मा, प्रो. इन्द्रदेव सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ.अजय कुमार, डॉ.धन सिंह रवि, डॉ.संदीप कुमार, डॉ.चन्द्रवीर सिंह, डॉ.सीमा सिंह, डॉ.शशि सोलंकी, डॉ.मनमोहन सिंह डॉ.नेहा अग्रवाल ने शिविरार्थियों को अनुशासन व सामुदायिक सेवा के बारे में बताया। दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने जनमानस को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली भी निकाली। पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, साथ ही शिविरार्थियों ने श्रमदान भी किया। इस अवसर पर रूबी, सार्थक, मनीष, आकाश, साहिल, ऋषभ, इशिका, श्रेया, मुस्कान, दीपक, ऋतिका, काजल, वैष्णवी आदि समेत कर्मचारी हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।






# पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मृतक गुलफाम के परिवार को आसरा आवास में एक आवास की चाबी सौंप कर रहने का ठिकाना दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** आत्मदाह के प्रकरण में मृतक गुलफाम के परिवार को पूर्व मंत्री आबिद रजा ने सरकारी आवास व सरकारी मुआवजा देने की जिलाधिकारी से मांग की थी। इसी क्रम में आज नगर पालिका परिसर में मृतक गुलफाम के परिवार को आसरा आवास (जो नगर पालिका के अधीन है।) में एक आवास की चाबी पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने दी। इस तरह से मृतक गुलफाम के परिवार पर रहने को ठिकाना नहीं था, उसको रहने का घर मिल गया।



मृतक गुलफाम के बुजुर्ग मां, बाप ने पूर्व मंत्री आबिद रजा व फात्मा रजा को दुआएं दी। जिस दिन गुलफाम का अंतिम संस्कार हो रहा था, उस दिन आबिद रजा ने गुलफाम के न्याय की लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी भी ली थी। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा से मृतक गुलफाम के परिवार के किसी एक सदस्य को आउटसोर्सिंग के माध्यम से नगर पालिका में नौकरी देने का भी आग्रह किया है।पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने मृतक गुलफाम के परिवार को सरकारी आवास देने में सहयोग के लिए जिलाधिकारी महोदया का भी धन्यवाद किया।

# आंवला चेयरमैन ने बांटे कम्बल, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का जन्म दिन मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला नगर पालिका में कंबल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गरीबों को चेयरमैन सैयद आबिद अली ने कम्बल वितरित किए, आयोजन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह रहे। ज्ञात हो कि आज ही कैबिनेट मंत्री व आंवला के विधायक धर्मपाल सिंह का जन्म दिन भी है। आंवला नगर पालिका परिषद के चेयरमैन सैयद आबिद अली ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और मुकुट व फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।



इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी व तमाम समर्थक उपस्थित रहे।

# बीएसपी सुप्रीमो सुश्री मायावती का 69वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गजरौला।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती का 69वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इन्द्रवती के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं ने केक काटकर सुश्री मायावती की दीघार्यू की कामना की। बसपा नेता चौ. बलवीर सिंह ने कहा कि सुश्री मायावती ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के समुचित उत्थान की योजनाओं का क्रियान्वयन किया। उन्होंने किसानों की फसलों का वाजिब दाम दिलाया, निष्पक्ष तरीके से युवाओं को भर्ती परीक्षा आयोजित करके रोजगार की व्यवस्था कीं। बसपा शासनकाल की कानून व्यवस्था को आज भी लोग याद करते हैं। जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी चौधरी ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि पार्टी की नीतियां जन जन तक पहुचाएं। इस मौके पर युवा बसपा नेता चौ.निरंजन सिंह, राविन्द्र सिंह, विपिन कुमार, समीक्षा चौधरी, रिंकू सागर, टीकाराम, चन्द्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में अध्यक्षीय भाषण में पूर्व जिपं अध्यक्ष इन्द्रवती ने भी बसपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ खिचड़ी सहभोज का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत नकटी नारायणपुर में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में रामायण पाठ का आयोजन किया गया था रामायण पाठ के समापन के बाद आज खिचड़ी सहभोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया खिचड़ी सहभोज में स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने खिचड़ी सह भोज में हिस्सा लिया खिचड़ी सह भोज में गन्ना समिति डायरेक्टर पीतांबर सिंह ग्राम प्रधान देवेश गंगवार विनोद गंगवार प्रधानाचार्य महेश चंद्र मोहन स्वरूप गंगवार छद्मी लाल आचार्य मोहम्मद शहीद डाक्टर नंदराम मौर्य नजमुल हसन अंसारी छविराम गंगवार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।




# प्रशासन के आदेशों को ठेंगा,बेखौफ बिल्डरों का अवैध निर्माण बदस्तूर जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (आशू बेग)।** इज्जतनगर क्षेत्र में भू माफियाओं और बिल्डरों द्वारा प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हुए बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण जारी है। बिना बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) से नक्शा पास कराए लगभग 2000 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्माण हो रहा है। प्रशासन ने इस पर आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किए और ध्वस्तीकरण के आदेश भी दिए, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है।

**नियमों की अनदेखी और मुकदमों का खेल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैदपुर हॉकिन्स की खुशबू नर्सरी के पास के-के अस्पताल के पीछे दीप्ति अग्रवाल और विकास अग्रवाल द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। बीडीए ने पहली बार 4 मार्च 2023 को नोटिस जारी किया, लेकिन बिल्डर ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद अगस्त 2023 में दो और नोटिस भेजे गए, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जब बीडीए ने ध्वस्तीकरण का अंतिम आदेश दिया, तो बिल्डरों ने प्राधिकरण के खिलाफ कमिश्नरी में मुकदमा दर्ज करा दिया।




**बढ़ते हौसले और प्रशासन की चुनौतियां**

यह मामला प्राधिकरण की क्षमता और कार्रवाई पर भी सवाल खड़े करता है। अधिकारियों के अनुसार, अवैध कॉलोनियों और निमार्णों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही चल रही है, लेकिन बिल्डर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

**प्राधिकरण की प्रतिक्रिया**

बीडीए के जेई सुनील कुमार का कहना है कि, "मौके पर जांच की जाएगी और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आबिद रजा ने गरीबों को बांटे कम्बल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** पूर्व मंत्री आबिद रजा व पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर में सर्दी के मौसम में गरीबों को शहर की सड़कों पर स्वयं जाकर राहगीरों को शेल्टर होम, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, छोटी ज्यारात पर कंबल वितरित किए तथा शहर में गरीब बस्तियों के चौराहों पर अलाव जलवाए तथा नगर पालिका की गौशाला पर भी अलाव चेक किया।



# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुख्य कमेटी के प्रदेश सचिव बने: अंकुश राघव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर व प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद कश्यप की अनुमति से बहजोई निवासी तहसील चंदौसी जनपद संभल निवासी को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की तरफ से अंकुश राघव को मुख्य कमेटी प्रदेश सचिव का नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया पार्टी की नीति पर चलने को कहा अंकुश राघव ने कहा कि पार्टी की नीतियों को आगे लेकर चलना है। अंकुश राघव को प्रदेश सचिव बनने पर समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी इस मौके पर अशरफ खान प्रदेश उपाध्यक्ष, उमेश ठाकुर राष्ट्रीय सचिव भारतीय सर्वसमाज किसान यूनियन, राजकुमार शर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, हर्षित मिश्रा प्रदेश सचिव किसान यूनियन आदि लोग मौजूद रहे।



# पुलिस द्वारा शान्ति भंग के चलते अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना )।** धनारी थाना के में शान्ति भंग करने के अंदेशा में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। धनारी पट्टी लालसिंह निवासी धर्मवीर पूत्र रायसिंह अपने ही गांव के प्यारे लाल व पत्नी होमसिह के साथ मुकदमा उपरोक्त लिखवाने को लेकर आमादा फसाद कर रहा था और शान्ति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहा था। शान्ति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा देख उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।




# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में मैंश्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शुभारंभ किया गया ! सर्वप्रथम कथा व्यास पूजनीय देवी प्रिया किशोरी के सानिध्य में तथा आयोजक मंडल गणेश कॉलोनी चंदौसी के संयोजन में श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा गीता सत्संग भवन से होते हुए सीता रोड, बिसौली गेट ,सुंदर मोहल्ला ,मनिहार चौक ,गणेश गणेश मंदिर ,से होते हुए गीता सत्संग भवन में समापन किया गया। तदुपरांत कथा व्यास प्रिया किशोरी ने श्रीमद् भागवत कथा के मातमय के विषय में श्रवण कराया तथा बताया कि परम आनंद की प्राप्ति केवल हरि के नाम संकीर्तन में ही होती है ।कथा के मुख्य यजमान कृष्ण अवतार गुप्ता रहे !सहयोगी जनो में आचार्य राधे जी महाराज बरसाने वाले अखिलेश खिलाडी ,हरिओम मिश्रा गिरीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, रोहित गुप्ता, सोनू किराना, जयशंकर दुबे , मुकुल अग्रवाल ,नरेश गुप्ता नितिन गुप्ता ,राशि गुप्ता ,रेनू गुप्ता,सुनीता अग्रवाल , सुनीता खट्टर आदि रहे !

**दर्दनाक** यह बच्ची पूरी रात मिट्टी में दबी रही, लेकिन उसकी जिंदगी का दीपक बुझने से पहले ही पुलिस ने उसे बचा लिया

# कलयुगी मां ने बच्ची को ठुकराया,बाल कल्याण समिति ने अपनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** मिट्टी में दबी नवजात को मिला नया जीवन, मां ने ठुकराया, बाल कल्याण समिति ने दी नई राह। संभल जिले के थाना नखासा क्षेत्र में एक दर्दनाक इंसानियत को झकझोरने वाली घटना सामने आई है। एक नवजात बच्ची, जिसे किसी ने निर्दयता से मिट्टी में दबा दिया था । यह बच्ची पूरी रात मिट्टी में दबी रही, लेकिन उसकी जिंदगी का दीपक बुझने से पहले ही पुलिस ने उसे बचा लिया।

पूरी रात मिट्टी में दबी रही मासूम थाना नखासा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने रात के समय मिट्टी के नीचे से हल्की आवाज सुनी। जब उन्होंने पास जाकर देखा, तो नवजात बच्ची मिट्टी में दबी हुई थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर बताते हुए इलाज शुरू किया।

**मां ने रखने से किया इनकार**

जांच में पता चला कि बच्ची की मां मुरादाबाद जिला कारागार में बंद है। जब नवजात को मां को सौंपने का प्रयास किया, तो मां ने बच्ची को अपनाने से मना कर दिया।

**बाल कल्याण समिति ने दिया सहारा**

बच्ची के स्वस्थ होने के बाद, पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। समिति ने बच्ची के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बच्ची को बिशेष दत्तक अभिग्रहण बदायूं रखने का आदेश किया ।यहां बच्ची का पालन-पोषण और देखभाल की जाएगी।




**इंसानियत की मिसाल**

इस घटना ने जहां मानवता पर सवाल उठाए हैं, वहीं पुलिस और बाल कल्याण समिति की तत्परता ने यह साबित किया है कि हर जीवन की अपनी अहमियत है। मिट्टी में दबी इस बच्ची की जिंदगी बचाने के लिए की गई कोशिशें समाज के लिए एक प्रेरणा हैं।

यह नवजात अब बाल संरक्षण गृह में सुरक्षित है, और उम्मीद है कि उसका भविष्य उज्ज्वल होगा। यह घटना इंसानियत का एक ऐसा चेहरा दिखाती है, जिसे हमें हमेशा जीवित रखना चाहिए।

आदेश करते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा व नूतन चौधरी रहे।

# मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नगर में हुए विभिन्न स्थानों पर हुए भंडारे व खिचड़ी वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को भी मकर संक्रांति के पर्व को लेकर नगर में अलग-अलग स्थान पर विभिन्न संगठनों द्वारा व अन्य लोगों द्वारा भंडारे,कपड़े वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहते है कि पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है ,उस दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है । यह त्योहार जनवरी माह के 14 व 15 तारीख को पड़ता है और इसी कारण हर साल इसी तारीख पर मकर संक्रांति मनाई जाती है।



इसी क्रम में जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली ने खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जहां सर्वप्रथम चीफ कोऑर्डिनेटर सुभाष रूस्तगी ,फेडरेशन ऑफि सर अंजू राजपूत , आई पीपी रीता बुदियाल व अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही ग्रुप के सभी सदस्य द्वारा गोवंशीय पशुओं को हरा चारा खिलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने कहा कि सूर्य कर्क राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है इस दिन दान पुण्य करना अच्छा माना जाता है। इसी के साथ ग्रुप के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को मकर सक्रांति की बधाई दी। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रही। रीता बुदियाल, दीप्ति बुदियाल, प्रभात राजपूत,अनीता सक्सेना, गीता ग्रोवर, सुभाष रूस्तगी ,अंजू राजपूत, अनीता सक्सेना, रीता बुदियाल, कंचन वाला वाष्णेय , सरोज शर्मा , गीता ग्रोवर, मेघा ग्रोवर,संगीता अग्रवाल, करूणा दुआ,नीरू गोयल, शिवानी शर्मा, विनोद शर्मा,अनिमेष शर्मा , यशी आदि मौजूद रहे।

# दर्जनों टीबी रोगियों को वितरित की पोषण किट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मां अनुपी छोटी देवी सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा दर्जनों टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की गई। गोविंदपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मां अनुपी छोटी देवी सेवा फाउंडेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के अध्यक्ष अभिषेक नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार देश व प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए अभियान चला रही है। जिसमें इस कार्यक्रम के जरिए उनका संगठन इस अभियान में सहयोग कर रहा हैं। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख समाजसेविका सुमन चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार यह संगठन अभियान में सहयोग कर रहा है उसी प्रकार हर सक्षम व्यक्ति को सरकार के इस अभियान में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे खुद समय-समय पर टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित करती चली आ रही है। इस दौरान करीब 50 टीबी रोगियों को पोषण किट दी गई। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्ष राखी त्यागी, डॉ तुषार त्यागी, डॉक्टर पुलकित त्यागी, डॉ अनिल कुमार यादव,डॉक्टर कैलाश चंद, डॉ विक्रांत, डॉ राकेश, डॉ दिनेश, डॉ कृष्णपाल आदि मौजूद थे।




# सुरेविन (टेक्नो एकेडमी) स्कूल में ही करेंगे सुरेविन के विद्यार्थी जेईई व नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अपने ही स्कूल के सुपर 30 में चयनित बच्चों को नीट व जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी स्कूल में ही कराई जाएगी। और यह तैयारी कोटा, राजस्थान के प्रसिद्ध कोचिंग इंस्टिट्यूट कैरियर पॉइंट के शिक्षा विशेषज्ञ ऑनलाइन तरीके से कराएंगे।

## करियर प्वाइंट, कोटा के शिक्षा विशेषज्ञ देंगे ऑनलाइन कोचिंग

इस संबंध में जानकारी देते हुए सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि हमारा स्कूल बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। जिसके तहत आधुनिकतम शिक्षण पद्धति के जरिए बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराई जाती है। साथ ही स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों में से कक्षावार सुपर 30 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि अब इन सुपर 30 में चयनित हुए विद्यार्थियों को नीट, जेईई, एनटीएसई, ओलंपियाड व प्री फाउंडेशन आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां स्कूल में ही कराई जाएंगी। जिसके लिए स्कूल और कोटा राजस्थान के प्रसिद्ध कोचिंग इंस्टिट्यूट कैरियर पॉइंट के साथ एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत करियर प्वाइंट इंस्टीट्यूट के शिक्षा विशेषज्ञ ऑनलाइन तरीके से स्कूल के सुपर 30 विद्यार्थियों को कोचिंग देंगे तथा उनका मार्गदर्शन करेंगे।। टेक्नो एकेडमी के नाम से ये कोचिंग क्लासेस इस वर्ष के नव शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ होगी। तथा इन कोचिंग क्लासेस का लाभ कक्षा आठ तथा उससे आगे की कक्षाओं के सुपर 30 विद्यार्थी उठा सकेंगे। डॉ सरिता सिंधु ने कहा कि कैरियर पॉइंट जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ जुड़ना स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक ऐसी उपलब्धि होगी जो बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। और शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल भी नए आयाम स्थापित करेगा।




**स्कूल को ऊंचाइयों की ओर ले जाने में प्रबंधक तुषार गुप्ता की हे महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ सरिता सिंधु**

डॉ सरिता सिंधु ने बताया कि स्कूल के प्रबंधक तुषार गुप्ता और कैरियर पॉइंट के संस्थापक प्रमोद माहेश्वरी दोनों आईआईटियन है और एक दूसरे के घनिष्ठ मित्र भी हैं। दोनों ने दिल्ली आईआईटी से शिक्षा प्राप्त की है। प्रबंधक तुषार गुप्ता बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान कराने के शुरू से ही पक्षधर रहे हैं। अटल एआई लब सहित अन्य इन्नोवेटिव कार्यक्रम स्कूल में लाने का श्रेय तुषार गुप्ता को ही जाता है। और अब अपने मित्र प्रमोद माहेश्वरी के कैरियर पॉइंट के साथ हुआ समझौता भी तुषार गुप्ता के ही प्रयासों का परिणाम है।

# कृष्णा रुहेला ने जरूरतमंदों को प्रदान किए कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव, डीपीएस पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष, अखिल भारतीय रूहेला क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा रुहेला द्वारा ठिठुरती सर्दी से बचाव हेतु दर्जन जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

युवा समाजसेवी कृष्णा रुहेला निरंतर समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं। और गरीबों व असहायों की हर संभव मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। समाज सेवा कार्यों की इसी कड़ी में कृष्णा रुहेला सर्द रात के बीच सड़क पर निकले और इस भयंकर सर्दी में खुले आसमान के साए तले कंपकंपाते हुए रात गुजार रहे जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किये। कंबल पाकर उन जरूरतमंदों ने राहत की सांस ली और कृष्णा रुहेला का आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया। कृष्णा रुहेला ने कहां कि जरूरतमंदों की मदद करने से उन्हें आत्मिक संतोष की प्राप्ति होती है। और वे इस प्रकार के मानवता के कार्य भविष्य में भी करते रहेंगे।





# लौलाई कांशीराम कॉलोनी में पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कंबल वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** काशीराम कॉलोनी में पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति ट्रस्ट ने निशुल्क कंबल वितरण किया ।

पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति ट्रस्ट,की तरफ से लौलाई कांशीराम कालोनी में सैकड़ों दिव्यांगजन, गरीब माताओं, बहनों व भाईयों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया एवं भारतीय संविधान की कॉपी दिया गया।





कार्यक्रम की मुख्य अतिथि- क्षेत्र की पार्षद- ममता रावत , विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक- माङ्क गोमती यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रशासन प्रभारी- माङ्क दिनेश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष- रणधीर सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री- सरोज कुमार पासवान, सेक्रेटरी- पूजा सिंह, अमित सिंह, राहुल सिंह,अमरजीत, संजय यादव, मोङ्क राशिद, राज यादव, कमेटी के अन्य सदस्य एवं कॉलोनी वासी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर खुशियों का माहौल रहा।

# सेना दिवस-2025 पर स्मृतिका युद्ध स्मारक, लखनऊ पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** 77वां सेना दिवस पर लखनऊ छावनी स्थित सूर्या कमान के युद्ध स्मारक "स्मृतिका" पर एक भव्य पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूर्या कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लखनऊ स्टेशन के वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे। इसी तरह के समारोह सूर्या कमान के अंतर्गत आनेवाले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए। 1949 में 15 जनवरी को, जनरल केएम करियप्पा (बाद में फील्ड मार्शल) ने स्वतंत्र भारत की भारतीय सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ के रूप में अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर एफआरआर बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली। तभी से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। पिछले साल सेना दिवस परेड लखनऊ में आयोजित की गई थी। सेना दिवस परेड को देश भर के स्थानों पर ले जाने की परंपरा को जारी रखते हुए, इस वर्ष परेड का आयोजन महाराष्ट्र के पुणे में किया जा रहा है।



# राजौरी गार्डन एवं तिलक नगर मे चुनाव कार्यालयो का उद्घाटन सांसद कमलजीत सहरावत ने किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** जैसे जैसे चुनाव की तरीक नजदीक आ रही है वैसे वैसे चुनाव प्रचार तेज होता जा रहा है आज सांसद कमलजीत सहरावत ने खचाखच भरे समरोह में राजौरी गार्डन विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी मनजिंदर सिंह सिरसा एवं तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बहन श्वेता सैनी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी एवं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका महासचिव जगदीप सिंह काहलो, पूर्व मेयर सुभाष आर्य पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी, निगम पार्षद शशि तलवार, राजीव बब्बर, इन्द्रजीत शर्मा सहित कई गणमान्य लोग राजौरी गार्डन चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।इस प्रकार से तिलक नगर विधानसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाम जाजू, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बब्बर,हरीश ओबरॉय, सत्यनारायण डंग, जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल बक्शी, उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह सोनू, मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह अमर, मंडल अध्यक्ष अमित थरेजा सहित अन्य दोनों मंडल अध्यक्ष भी मोजूद रहे।इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा की पंजाब में विधानसभा चुनाव में एक हजार रुपए महिलाओं को देने का झुठा वायदा कर अभी तक कोई पैसे महिलाओ को नहीं दिए और अब वही केजरीवाल दिल्ली की जनता को मुर्ख बनाना चाहता है,पर दिल्ली की जनता समझदार है वह उसके झांसे में नहीं आयेगी। और इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने वाली हैं। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर आपार भीड़ को देखकर लगता है की जीत का आशीर्वाद जनता ने दोनों भाजपा प्रत्याशियों को आज ही दे दिया है।इस अवसर पर राजौरी गार्डन विधानसभा के प्रत्याशी मनजिंदर सिंह सिरसा एवं तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बहन श्वेता सैनी ने कार्यालय उद्घाटन पर पहुंचे भाजपा कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एवं उनकी टीम भी मौके पर मोजूद रही। कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकताओं में जीत के प्रति बहुत उत्साह नजर आ रहा था। सुबह हवण पूजन कर के एवं अरदास कर के कार्यालय उद्घाटन की शुरूआत की गई।







# जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन ने गरीबों को तहरी के साथ कंबल वितरित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जौनपुर।** जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के गैरवाह (हटिया) जौनपुर में तहरी भोज एवं कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता के पर्व मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गैरवाह (हटिया) पेट्रोल पम्प के पास आज प्रातःकाल 11:00 बजे जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह एवं उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने आम जनमानस में तहरी (भोजन) के साथ गरीब - असहाय एवं निराश्रित लोगों को गर्म कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर सरपतहा थाने के एस.एच.ओ अशोक सिंह, राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अवधेश दुबे मंडल अध्यक्ष भाजपा अरसिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम लोग उपस्थित थे।





# धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व, लोगो ने किया खिचड़ी तिल गुड मूंगफली का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ( संजीव वशिष्ठ) ।** कस्बा धौलाना के वशिष्ठ चौक पर मकर संक्रांति पर्व पर भगवान परशुराम सेवा दल धौलाना खंड द्वारा खिचड़ी, मूंगफली, तिल , गुड, गजक, के भंडारे का आयोजन किया ।सर्वप्रथम भक्तों ने मां गंगे के जल से भंडारा स्थल को पवित्र कर महादेव की स्तुति की ।जिसके बाद काफी संख्या में लोगों ने मां गंगा स्नान के लिए प्रस्थान किया । वशिष्ठ चौक पर आयोजित भंडारे का उद्घाटन धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद ने फीता काटकर कर किया । इस मौके पर उन्होंने कहा की श्री भगवान परशुराम सेवा दल के लोगों ने मुझे जो सम्मान दिया उसके लिए वे दिल से आभारी है । इस तरह के आयोजन से कस्बे का आपसी भाईचारा बेहद मजबूत होता जा रहा है । भंडारे में खिचड़ी तिलसकड़ी मूंगफली गजक का प्रसाद वितरण कराया गया । आयोजित भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण श्री हरि प्रभु और मां गंगा का गुणगान किया । कार्यक्रम आयोजन में विशेष सहयोग पत्रकार संघ के अध्यक्ष राजीव वशिष्ठ, वरिष्ठ पत्रकार संजीव वशिष्ठ, बिजली व्यापारी सगीर भाई अहमद, भास्कर पंडित, मीडिया कार्यालय प्रभारी, आदित्य वशिष्ठ, सोमेश्वर वशिष्ठ, अभिमन्यु वशिष्ठ, चुन्नू हलवाई उर्फ राजकुमार, जुनैद, अब्दुल सलाम, शादाब मंसूरी, बब्बल खान, बल्लू कुरैशी, रहीसुद्दीन, योगी कुमार, राजेश कुमार, अनस अली, बिलाल अली, राजू खान, नीटू मेडिकल, पूरन सैनी, सनी सैनी, आदि का रहा । उधर कस्बे के शनि धाम पेठ चौतरा पर परम शनि भक्त भाजपा नेता अभिषेक तोमर के नेतृत्व में खिचड़ी का प्रसाद वितरित कराया गया ।इसी तरह सिरोधन गांव में युवा भाजपा नेता डा के पी सिंह के द्वारा प्रसाद वितरण कराया गया ।

## क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर भक्तों ने लगाए भंडारे





**अभियान** | जिला कार्यालय में 17 को होगा कार्यक्रम, सांसद चाहर एवं मंत्री बेदी करेंगे शिरकत

# संविधान गौरव अभियान चलाकर कांग्रेस की पोल खोलेगी भाजपा : सुरेन्द्र आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। देशभर में चलने वाले इस अभियान के तहत पार्टी की ओर से बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करके बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

भाजपा प्रदेश सचिव एवं अभियान के प्रदेश सह संयोजक सुरेन्द्र आर्य ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जनता को जागरूक करते हुए यह बताया जाएगा कि भाजपा ने सही मायने में बाबा साहेब व संविधान का सम्मान किया है। जो कांग्रेस आज भाजपा पर संविधान समाप्त करने का आरोप लगा रही है, उसकी असलियत भी जनता को बताई जाएगी कि किस प्रकार कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए संविधान में संशोधन करके इसका अपमान किया। यही नहीं, कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। उनको भारत रत्न भी भाजपा समर्थिक वीपी सिंह की सरकार में दिया गया। सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि 17 जनवरी को हिसार के पार्टी कार्यालय में संविधान जागरूकता कार्यक्रम होगा, जिसमें सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर मुख्य वक्ता होंगे। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी जो अभियान के प्रदेश संयोजक है, वे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संचालन के लिए कमेटी बना दी गई है, जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू होंगे। उनके साथ विक्रम कासनिया, कुलदीप गौतम व सियाराम रावतखेड़ा को सह संयोजक लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी को जिला कार्यालय में मुख्य कार्यक्रम होने के बाद मंडल व बूथ स्तर पर चलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर में 3 जनवरी से यह अभियान शुरू हो चुका है जो 25 जनवरी तक चलेगा।

पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के जिला संयोजक रणधीर सिंह धीरू, जिला महामंत्री आशीष जोशी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सह मीडिया प्रभारी विक्रम कासनिया व राजकुमार शर्मा तथा अनिल गोदारा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# केसरिया हिंदू वाहिनी ने किया भंडारा आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** केसरिया हिंदू वाहिनी द्वारा बिसोखर रोड पर आयोजित एक विशाल भंडारे में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ हजारों श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर मौजूद विधायक डॉ मंजू शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, डॉ योगेश सिंघल, डॉ संजय जयसवाल, डॉ अनिल गर्ग, छाया पब्लिक स्कूल के एग्जीक्यूटिव वीपी डॉ अरुण त्यागी, राष्ट्रीय सचिव गौरव शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष मोनू धामा, सचिव सोमेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, प्रभारी अरुण श्रीवास्तव, सह प्रभारी अरविंद चौधरी, नगर अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा, सर्वेश मास्टर, लव कुमार तिवारी, राकेश शर्मा आदि ने प्रसाद वितरित किया।



# उपजिलाधिकारी ने किया कुंबल का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के. भारती सैफी )।** ग्राम आसालतनगर कलीजपुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी के फार्म हाउस पर उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा कंबल वितरण किये गये और खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम भी हुआ। मिली जानकारी अनुसार भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी द्वारा ग्राम आसालतनगर कलीजपुर में कंबल वितरण कार्यक्रम ठंड से बचाव हेतु भारी संख्या में किया गया। जिसमें उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, श्रीकांत गुप्ता ,नरेश गुप्ता ,राकेश कश्यप ,धर्मवीर कश्यप, बिलारी मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट ,भरत शर्मा ,दयाराम मौर्य, मनोज ठाकुर, अमित मौर्य, कुंदरकी मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर सहित भारी संख्या में ग्रामीणो ओर भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया।



# दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से बे सहारा लोगों को कम्बल वितरण किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के. भारती सैफी) ।** नगर के मौहल्ला कायस्तान बछुआ बाग में सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन जो दावत-ए-इस्लामी इंडिया का एक वेलफेयर डिवीजन है। ने जरूरतमंद और असहाय लोगों के लिए कंबल वितरण किए इस पहल का मुख्य उद्देश्य सर्दी के मौसम में ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद करना था। यह कार्यक्रम गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की प्रबंधन टीम और समर्पित वॉलंटियर्स के सहयोग से आयोजित किया गया। जिन्होंने ठंड से राहत पहुंचाने के लिए जरूरतमंद परिवारों, बच्चों और बुजुर्गों के बीच कंबल वितरित किए फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष अरकान कादरी ने बताया इस आयोजन का मकसद केवल राहत पहुंचाना नहीं था।बल्कि जरूरतमंदों के साथ सहानुभूति और एकजुटता प्रकट कर उन्हें यह एहसास दिलाना था कि समाज उनका साथ देने के लिए हमेशा तैयार है। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान देखना ही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता रही। हम उन सभी दानदाताओं और वॉलंटियर्स का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिनके योगदान से यह नेक कार्य संभव हो सका। गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कारी हसन अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी कारी रफी अत्तारी काशिफ अत्तारी रिजवान अली कसीर तादात में मौजूद रहे।




# पीएमश्री विद्यालयों में दीवारें भी बच्चों को करेंगी जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के 723 पीएमश्री विद्यालयों की दीवारें भी बच्चों को जागरूक करेंगी। इन विद्यालयों में बाला फीचर्स के तहत दीवारों को जागरूकता संदेश व अन्य चीजों से संबंधित पेंट किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सवा दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।प्रदेश में पीएमश्रीव व परिषदीय विद्यालयों में नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत कक्षा एक से छह तक के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ पढ़ाई को रोचक बनाकर बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। इसके माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# सम्पत्ति नहीं बताई तो वेतन प्रमोशन, तबादला नहीं होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों ने 31 जनवरी तक अपनी चल- अचल सम्पत्तियों का ब्यौरा मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया तो न उन्हें पदोन्नति मिलेगी और न स्थानांतरण हो सकेगा। वेतन के भुगतान पर भी रोक लगा दी जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक ने प्राइमरी शिक्षकों के साथ-साथ विभागीय अफसर-कर्मियों के नाम यह स्पष्ट आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली-1956 के नियम 24 अनुसार मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश हैं। 31 जनवरी 2025 तक पोर्टल पर अपलोड करना था। मगर सकुर्लर के 27 दिन बाद भी बमुश्किल 19 कर्मियों ने ब्योरा अपलोड किया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल को कड़े आदेश जारी कर हर हाल में सभी को 31 जनवरी तक सम्पत्तियों का ब्योरा देने के निर्देश दिए हैं।




# टेस्टिंग के बहाने बाइक लेकर भागा युवक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रामगंगा विहार में स्टेडियम रोड पर बाइक टेस्टिंग के बहाने युवक बाइक लेकर भाग निकला। केस दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश कर रही है।अमरोहा जिले के पोसीपुरा हसनपुर निवासी प्रशांत शर्मा रामगंगा विहार में स्टेडियम रोड स्थित एक डेयरी पर काम करता है। उसने हसनपुर निवासी नफीस से एक साल पहले बाइक खरीदा था।

यह बाइक पहले मो. नदीम निवासी पूजा कॉलोनी लोनी देहात गाजियाबाद के नाम से रजिस्टर्ड है। उसने बाइक बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला था। 30 दिसंबर की दोपहर दो बजे सीनू नामक युवक बाइक खरीदने के लिए आया। उसने बताया कि यह सुभाष नगर बोली रोड वैशाली नगर काशीपुर का रहने वाला है।वह टेस्टिंग करने के लिए बाइक दुकान से लिया। स्टार्ट कर वह बाइक लेकर भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश कर रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना :संचारी रोग जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा,कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर छात्र इकाई के स्वयंसेवकों ने गांव मौढ़ी हजरतपुर में तथा छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम गुलड़िया में जनसंपर्क के माध्यम से संचारी रोगों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया। दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ0 अशोक राजपूत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व माल्यार्पण करके किया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । डॉ0 अशोक राजपूत ने बताया कि संचारी रोगों से बचने के लिए हमें सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू, वायरल फीवर,टीवी आदि ऐसी संक्रामक बीमारियां हैं, जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल जाती हैं। यदि हम उनके प्रति जागरूक रहें तथा सावधानी बरतें तो इनसे काफी हद तक मुक्ति मिल सकती है। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अतवीर सिंह त्यागी ने बताया कि हमें अपने घरों के आसपास पानी एकत्र नहीं होने देना चाहिए। घरों की साफ सफाई रखनी चाहिए तथा बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ स्वच्छता की दृष्टि से अच्छे नहीं होते हैं ।इनसे बीमारियां फैलतीं हैं। स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकान्त पाठक, इंद्रपाल सिंह, अशोक कुमार त्रिपाठी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन छात्र कार्तिकेय सेहरावत एवं आरूष चौधरी ने किया।




# कंपोजिट विद्यालय लदावली ने स्काउट गाइड प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपदीय सर्वोत्तम कैडेट कब/बुलबुल स्काउट /गाइड रोवर /रेंजर रैली का आयोजन मुरादाबाद में संपन्न हुआ। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से विभिन्न बेसिक विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों, राजकीय व प्राइवेट विद्यालयों ने प्रति भाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जैसे हस्त कौशल, मार्च पास्ट, सड़क सुरक्षा यातायात के संकेत, शिविर निर्माण,पुल निर्माण आदि। जिसमें छजलैट ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय लदावली जिसकी गाइड कैप्टन गरिमा गुप्ता,स्काउट कैप्टन रजत व आशीष के नेतृत्व में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों के प्रतिभाग में लदावली की प्रीति वर्मा शिक्षिका का विशेष सहयोग रहा।प्रथम,द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त विजेता टीमों को आज विकास भवन मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। छजलैट के बीईओ विकास कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया' उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने विजेता टीम को बधाई दी है ।



# समाजसेविका हृदेश कुमारी शर्मा को अश्रुपूर्ण आंखों से दी विदाई,अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग हुए शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर की समाज सेविका एवं सेवानिवृत्त अध्यापिका हृदेश कुमारी शर्मा का आज नगर के मोक्ष धाम पर अंतिम संस्कार किया गया' उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर दुख प्रकट किया' उनके अचानक निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई थी ' नगर के मोक्ष धाम पर बुधवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार किया गया उनके बड़े बेटे आशीष शर्मा ने मुखग्नि दी ' अनेक निवास पर पहुंच कर अनेक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया ' नगर के मोहल्ला फकीर गंज निवासी अशोक कुमार शर्मा की धर्मपत्नी हृदेश कुमारी शर्मा (68) काफी समय से बीमार चल रही थी 10 जनवरी को वह उपचार के लिए बेटे आशीष शर्मा के पास हैदराबाद गई थी' उनका पार्थिव शरीर हैदराबाद से विमान द्वारा दिल्ली लाया गया था बाद में एंबुलेंस द्वारा आज सुबह 3:00 बजे यहां पहुंचा था' उनकी अंतिम यात्रा में डॉक्टर पंकज बिश्नोई( डीएम ), आर्य समाज के संरक्षक सुशील मणि गुप्ता, सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह चौहान, शिक्षिका वंदना विश्नोई, तारावती चौहान, राखी बिश्नोई,शिक्षक रितेश शर्मा, अनिल बिश्नोई, पत्रकार अनिल शर्मा, ओंमकार सिंह बिश्नोई, नगर के प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर अशोक चौहान, सेवानिवृत्त शिक्षक भूपाल सिंह, समाज सेविका सुनीता देवी, राजीव बिश्नोई, , महेश चंद्र गुप्ता, विकास शर्मा आदि लोग शामिल थे ।



# टीएमयू में डॉ.आर्य बोले असुरक्षित यौन संबंध एड्स का प्रमुख कारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की ओर से गेस्ट लेक्चर में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के डॉ. तुंगवीर सिंह आर्य ने बताए एड्स के लक्षण**

**मुरादाबाद।** मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज, यूपी के डॉ. तुंगवीर सिंह आर्य ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, एड्स जन्म के बाद होने वाली वह स्थिति है, जिसमें व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। हल्का या मध्यम बुखार रहना, वजन घटना, बार-बार खांसी, निमोनिया, दस्त आदि एडस के लक्षण हैं। एडस के इलाज के लिए वर्तमान में बहुत-सी दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन दुखद पहलू यह है, एडस का कोई पक्का इलाज नहीं है। इसे जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। केवल रोगी की हालत में सुधार किया जा सकता है और उसकी आयु को कुछ वर्ष बढ़ाया जा सकता है। एडस के प्रमुख कारण असुरक्षित यौन व्यवहार, एक से अधिक यौन संबंध, एक सुई का प्रयोग एक से अधिक व्यक्ति पर करना, रक्त चढ़ाने में लापरवाही आदि हैं।

डॉ. आर्य तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की ओर से आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फिजियोथैरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गेस्ट लेक्चर में सवाल-जवाब का दौर भी चला। कार्यक्रम में डॉ. शिप्रा गंगवार, डॉ. नन्द किशोर साह, डॉ. समर्पिता सेनापति, डॉ. सोनम निधि, डॉ. कामिनी शर्मा, डॉ. रंजीत तिवारी, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. हिमानी, डॉ. मुस्कान जैन के संग-संग बीपीटी और एमपीटी के 250 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी डॉ. हरीश शर्मा ने किया।



# चोरी की मूर्तियां सहित एक को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** घटना थाना क्षेत्र के गांव पहाड़मउ की है गांव के मंदिर से रात को हनुमान जी शंकर जी और नागराज की पीतल की प्रतिमाएं चोरी हो गई चोर इन मूर्तियों को बेचकर अपने नशे की लत को पूरा करने का इरादा रखता था। लेकिन ईधर घटना की शिकायत ग्रामीण द्वारा थाने पर की गई और उधर पुलिस ने चोर को मूर्तियों के साथ दबोच लिया। बताया गया कि वसीम पुत्र रईस नाम का चोर थाना सिविल लाइन के अगवानपुर का रहने वाला है पुलिस ने घटना के तुरंत बाद चोर के पकड़े जाने पर राहत की सांस ली। पुलिस की सक्रियता से चोर मय सामान के पुलिस के हाथ लग गया पुलिस ने चोर का चालान कर दिया है।



# नगर पंचायत कर्मी के पिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम. के. भारती सैफी ) ।** नगर पंचायत कर्मचारी एवं समाजसेवी सुनहरी लाल दिवाकर के पिता राम गुलाम दिवाकर के स्वर्गवास हो जाने पर बुधवार को नगर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा रामगुलाम दिवाकर, नेकबती दिवाकर पत्नी राम बिहारी दिवाकर और मास्टर दुर्गा प्रसाद के पोते व राजवीर दिवाकर की माता श्री के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रार्थना की गई । शोक सभा में सामाजिक धार्मिक राजनीतिक एवं नगर वासी भारी संख्या में मौजूद रहे।






# शासन के निर्देश पर थाने में महिलाओं के लिए चेंबर का हुआ निर्माण, सरकार की पहल का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** 'शासन के निर्देश पर महिलाओं की प्राइवेसी को देखते हुए अब हर थाने में एक-एक चेंबर का निर्माण किया जा रहा है उल्लेखनीय है कि थानों में किसी न किसी मामले को लेकर महिलाओं का आना-जाना लगा रहता है लेकिन जिन महिलाओं के साथ छोटे बच्चे आते हैं उन्हें दूध पिलाते वक्त महिलाओं को खुले में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। झिझक के कारण कई बार महिलाएं बच्चों को दूध भी नहीं पिला पाती उनकी इस प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने प्रत्येक थाने पर एक-एक चैंबर बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में थाना कांठ में भी आज एक चेंबर का निर्माण किया गया है थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश पर इन चैंबरों का निर्माण किया जा रहा है इसी के अनुपालन में कांठ थाने में भी एक चेंबर का निर्माण आज हुआ है कुल मिलाकर सरकार की इस पहला का लोगों ने स्वागत किया है।



**भरोसा** | अधिवक्ताओं ने किया उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य जनप्रतिनिधियों का जोर दार स्वागत

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2024-25 का बुद्धवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एडवोकेट ने अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी एडवोकेट एवं सचिव अजीत नागर एडवोकेट समेत वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार शास्त्री, कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र खारी, कोषाध्यक्ष अंकित भाटी, सह सचिव प्रशासनिक नवीन कुमार, सह सचिव पुस्तकालय सुनील लोहिया एवं सह सचिव सांस्कृतिक शशी उर्फ चंद्रकला को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के द्वारा की गई बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि इस अवसर उनके द्वारा अधिवक्ताओं की विभिन्न मांगों का एक ज्ञापन माननीय उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को सौंपा गया। मांग पत्र में युवा अधिवक्ताओं के लिए बहुमंजिला चैंबर एवं आवास, लारा कोर्ट एवं कमर्शिल कोर्ट को जिला न्यायलय परिसर में ही लाए जाने, न्यायालय परिसर में 20 शौचालय का निर्माण, महिला अधिवक्ताओं के लिए क्रैच एवं बार रूम, सुरक्षा हेतू न्यायालय परिसर में उचित लाईट और बहुमंजिला पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं की मांग की गई। जिसपर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक एडवोकेट ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी एक अधिवक्ता हूं इस लिए एक अधिवक्ता के लिए चैंबर की उपयोगिता और उनके सामने आने वाली बाधाओं को गहराई से समझ सकता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने कानून मंत्री रहते हुए अधिवक्ताओं व जूडीशरी के अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाएं और सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया था। लेकिन आज बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह भाटी के द्वारा चैंबर और आवास समेत तमाम जिन मांगों का ज्ञापन मुझे प्रदान किया है। मैं उस ज्ञापन को ुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव तक पहुंचाने का काम करूंगा। जहां से आपकी इन मांगों को पूरा कराने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। जब एक व्यक्ति अपने भाई, पत्नी, दोस्त आदि तमाम रिश्ते नातों से हार जाता है जब वह एक अधिवक्ता के पास पहुंचता है और एक अधिवक्ता भी अपने तमाम रिश्ते नातों को भूलकर उस व्यक्ति के भरोसे को सदैव बनाए रखने का हर संभव प्रयत्न करता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा महेश शर्मा ने भी बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनकी तमाम मांगों को पूरा कराने में हर स्तर पर मदद करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी ने महिलाओं के लिए क्रेच और महिला बार रूम बनवाने के की घोषणा करी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया, दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, पूर्व विधायक जोगिंद्र अवाना, दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, वैभव मित्तल एडवोकेट, कालूराम चैधरी एडवोकेट, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, योगेंद्र भाटी एडवोकेट, राजकुमार नागर एडवोकेट, राजेंद्र नागर एडवोकेट, ब्रहम सिंह नागर एडवाकेट, रेशराम चैधरी एडवोकेट, श्याम सिंह भाटी एडवोकेट, विशाल नागर एडवोकेट, सीमा भाटी एडवोकेट, सचिन शर्मा एडवोकेट, प्रेम राज पथिक, के के भाटी एडवोकेट, पंकज मावी एडवोकेट आदि प्रमुख लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे



# प्रधानमंत्री आवास योजना का "गरीबों का सपना " शीघ्र होगा पूरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** पक्के घर की उम्मीद वालों के सपने पूरे होने हैं, इसके लिए ग्राम्य विकास विभाग की टीमें गांव-गांव में पात्रों का सर्वे कर रहीं हैं। जबकि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। इसके लिए केंद्र सरकार ने ऐप जारी किया है, जिससे लाभार्थी घर बैठे आवेदन कर सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी सरकार आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों को घर बनाने के लिए मदद करेगी। पीएम आवास योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इसके लिए विकास विभाग ने 222 कर्मचारियों को मैदान में उतार दिया है।यह कार्य 31 मार्च तक पूरा होना है। पात्रों का सर्वे लाभार्थी के निवास स्थान से किया जाना है। चयन में महिला को प्राथमिकता देनी है। जिस घर की मुखिया महिला नहीं होगी, उसके बाद परिवार के दूसरे सदस्य को मौका दिया जाएगा। कच्चे घर वाले, आवासहीन को पात्र माना जाएगा। जिला विकास अधिकारी आरपी भगत कहते हैं कि लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का ऐप डाउन लोड कर स्वयं भी आवेदन कर सकेंगे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं, आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी: सिमरन कौर

जमाई नंबर 1 में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सिमरन कौर फिटनेस फ्रीक हैं। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (व्यायाम) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भी उन्हें चुस्त-दुरुस्त दिखाती है। अभिनेत्री ने बताया कि फिट रहने के लिए वह पिलेट्स (एक्सरसाइज) और अच्छे-संतुलित आहार को अपनाती हैं। उनका कहना है कि उनकी फिटनेस ऑन-स्क्रीन शानदार प्रस्तुति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिमरन ने कहा, मेरा मानना है कि फिट रहना सिर्फ अच्छा दिखने के लिए नहीं है। यह खुद को मजबूत और आत्मविश्वासी महसूस कराने के लिए भी है। पिलेट्स खास तौर पर मेरे लिए एक गेम-चेंजर रहा है। यह न केवल मुझे अपने शरीर को फिट बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि मुझे काम पर फोकस करने के साथ ही खुश भी रखता है।शो में अपने किरदार रिद्धि के बारे में उन्होंने बताया कि उनका किरदार एक दृढ़ निश्चयी, दबंग लड़की का है, जो जानती है कि उसे क्या चाहिए। उन्होंने बताया कि ऑन-स्क्रीन फिट दिखने के लिए मैं अपने शरीर और बॉडी लैंग्वेज पर काम कर रही हूं और इसके लिए पिलेट्स से बेहतर क्या हो सकता है। एक अभिनेत्री के रूप में मैं इसके महत्व को समझती हूं।उन्होंने आगे कहा, मेरी फिटनेस ऑन-स्क्रीन भूमिका को और भी खास बनाती है और इसी के साथ मैं शो में एक मजबूत बॉस गर्ल के किरदार को निभा पाती हूं। पिछले महीने सिमरन ने साल 2024 में अपने सफर के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था, जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, वह है अपने काम पर फोकस करना और चुनौतीपूर्ण समय में भी खुद पर विश्वास बनाए रखना। भगवान का शुक्र है कि कोई बड़ी बाधा नहीं आई और सब कुछ एक के बाद एक होता गया।

उन्होंने उल्लेख किया कि 2024 उनके लिए एक अच्छा साल रहा है और उम्मीद जताई कि 2025 पिछले साल से भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा, साल 2024 में मैंने कई तरह की चीजें हासिल कीं। मैंने दंगल पर आए शो 'तोसे नैना मिलाइकेइ किया, जो सुपरहिट रहा और लगभग 500 एपिसोड पूरे किए। मेरे किरदार को बहुत सराहना मिली, यह अद्भुत अनुभव था। अभिनेत्री ने बताया, दर्शकों ने मेरे किरदार से गहराई से जुड़ाव महसूस किया और मुझे काफी सराहना मिली। मुझे नहीं पता था कि मैं कॉमेडी किरदार को निभा सकती हूं, लेकिन यह बहुत अलग निकला और मैंने इसका पूरा आनंद लिया। सिमरन कौर ने कहा था, मुझे लगता है कि साल 2024 की तरह ही 2025 में भी मैं सकारात्मकता और सफलता हासिल करूंगी। मुझे नए अवसरों की खोज करना और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना पसंद है।

# बॉक्स ऑफिस पर फतेह की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

अभिनेता सोनू सूद इन दिनों फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ हो रही है, वहीं इसने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन भी ठीक-ठाक किया है।



हालांकि, दूसरे दिन फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली और अब फतेह की कमाई के तीसरे दिन के भी आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली। आइए बताते हैं फिल्म ने पहले रविवार को कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.60 करोड़ रुपये हो गया है।

फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरूआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

फिल्म के एक्शन दृश्यों को हॉलीवुड तकनीशियनों द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं।


सोनू न सिर्फ फतेह के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है, वहीं वह इस फिल्म के लेखक भी हैं।

इस फिल्म में सोनू की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस के साथ बनी है।

इस फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और विजय राज जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है। बॉक्स ऑफिस पर फतेह का सामना राम चरण की फिल्म गेम चेंजर से हो रहा है।

# सोशल मीडिया सेंसेशन केट शर्मा ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज, पिंक ड्रेस में गिराई बिजली

टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी बोल्डनेस से अक्सर फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनके सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। केट शर्मा टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। वो आए दिन अपनी स्टनिंग और हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर केट शर्मा ने हाल ही में नई ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में केट शर्मा ने पिंक कलर का सैटिन ड्रेस पहना है, जो उनके स्टाइलिश और सेंसुअस लुक



को और भी आकर्षक बना रहा है. उन्होंने अपनी तस्वीरों को फ्लैट शूज के साथ पेयर किया है और एक हल्की सी ब्रैसलेट भी पहनी हुई है. उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग है, जो उनकी खूबसूरती को और बढ़ाता है. केट के बाल सॉफ्ट वेव्स में हैं, जो उनकी लुक को और भी एलिगेंट बनाते हैं। केट शर्मा इन तस्वीरों में आराम से बैठी हुई हैं और उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो उनके आत्मविश्वास को जाहिर करती है. इन तस्वीरों को देख कर उनके फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरें देखते ही रह जाते हैं।फैंस ने उनकी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज की जमकर सराहना की है। आपको बताते चलें कि केट शर्मा टीवी की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक हैं और वो अपने हर एक लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

# पुष्पा 2 का कब्जा महीने बाद भी बरकरार, अब तक कमा चुकी है 1,220 करोड़ रुपये

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 39 दिन बीत गए हैं और यह अब भी करोड़ों में कमा रही है। छठे सप्ताह में भी इस फिल्म का तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है।

गेम चेंजर और फतेह जैसी फिल्में भी पुष्पा 2 का कुछ नहीं बिगाड़ पाईं। आइए बताते हैं फिल्म ने 39वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 ने अपनी रिलीज के 39वें दिन यानी छठे रविवार को 2.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1,220.50 करोड़ रुपये हो गया है।

विदेश में पुष्पा 2 खूब धमाल मचा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म ने अब तक 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।



फिल्म को आप हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और बंगाली भाषा में देख सकते हैं। पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार हैं। फिल्म में श्रीवल्ली के रूप में रश्मिका मंदाना भी अल्लू के साथ ताल से ताल मिलाती दिखती हैं। अभिनेता फहद फासिल भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

कहानी की बात करें तो पहले भाग में एक आम दिहाड़ी मजदूर रहा पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) चंदन का तस्कर बन चुका है। वह अपने इलाके के लोगों की भलाई के लिए सबकुछ करता है और उनके दिलों का राजा बन जाता है।

# शादी से पहले चाहती हैं बेदाग और निखरी त्वचा? इस स्वस्थ पेय का करें सेवन

शादी का दिन हर महिला के जीवन का सबसे खास दिन होता है, जिस पर वे सुंदर दिखना चाहती हैं। हालांकि, बदलते मौसम, तनाव और गलत खान-पान के चलते दुल्हन की त्वचा अस्वस्थ हो सकती है और चेहरे की रोनक कम जाती है। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि शादी वाले दिन आपकी त्वचा निहरी हुई नजर आए, तो इस स्वस्थ पेय का सेवन करें। शादी के टिप्स में इस पेय की रेसिपी और लाभ जानते हैं।



**जानिए कैसे बनता है यह स्वस्थ पेय**

इस पेय की रेसिपी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और इसे बनाना भी आसान है। इसके लिए आपको एक कप चुकंदर, एक कप अनार दानें, एक कप खीरा, एक कप पुदीने के पत्ते, नींबू और 2 कप पानी की जरूरत पड़ेगी। सब्जियों को टुकड़ों में काट लें और सभी सामग्रियों को जग में डाल दें। इसे रातभर रखा रहने दें और सुबह उठकर इसका सेवन करें।

आप इसे दिनभर एक डिटॉक्स पेय की तरह पी सकती हैं।

**त्वचा होती है हाइड्रेट**

अगर आप त्वचा को निखरा हुआ बनाना चाहती हैं तो उसे हाइड्रेट करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप इस पेय को डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

इसके सेवन से त्वचा कोशिकाओं को नमी मिलेगी और कोलेजन और इलास्टिन जैसे प्रोटीन की संख्या बढ़ेगी।

इस पेय के जरिए आप शुष्क और रूखी त्वचा की समस्या से भी निजात पा सकेंगी और त्वचा का रूखापन भी बंद हो जाएगा।

शादी से पहले दूल्हे इस तरह रखें त्वचा का ख्याल।

**बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं कम**

कई महिलाओं की त्वचा पर समय से पहले ही बुढ़ापे के लक्षण नजर आने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या का शिकार हो गई हैं तो शादी से पहले चुकंदर और खीरे वाले पेय का सेवन जरूर करें।

इस पेय में एंटी-एजिंग प्रभाव होते हैं, जो झुर्रियों और झाइयों को मिटाने में मदद कर सकते हैं।

इसके नियमित सेवन से चेहरे पर नजर आने वाली महीन रेखाएं भी दूर होने लगती हैं और समान रंगत मिलती है।

**त्वचा की सूजन होती है कम**

सूजन के कारण त्वचा अस्वस्थ हो जाती है और चेहरा बड़ा दिखने लगता है। इसके कारण कई महिलाओं के चेहरे पर मुंहासे भी निकलने लगते हैं।

हालांकि, इस पेय के जरिए सूजन को आसानी से कम किया जा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला चुकंदर अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभावों के लिए जाना जाता है, जिससे लालपन भी कम हो सकता है।

यही प्रभाव खीरे में भी पाए जाते हैं, जिसके जरिए हाइड्रेशन भी बढ़ता है।

**मिलता है प्राकृतिक निखार**


शादी की तैयारों के कारण तनाव होना आम बात है, लेकिन इसके चलते दुल्हन की त्वचा की चमक कहीं खो जाती है।

अगर आप रोजाना इस पेय का सेवन करेंगी, तो आपकी त्वचा का खोया हुआ निखार लौट आएगा। इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स, मिनरल और विटामिंस मौजूद होते हैं, जो त्वचा को अंदरूनी तौर पर पोषण देने का काम करते हैं।

इसके सेवन से काले घेरे भी दूर हो सकते हैं और धूप की क्षति से भी सुरक्षा मिल सकती है।

# क्या पौधों पर आधारित डाइट से आती है कमजोरी? जानें इस मिथक की सच्चाई

पौधों पर आधारित डाइट को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं, जिनमें से एक यह है कि यह डाइट कमजोरी का कारण बनती है। पौधों पर आधारित डाइट में फल, सब्जियां, अनाज और दालें शामिल होती हैं, जो पोषण के अच्छे स्रोत होते हैं। इस लेख में हम इस मिथक की सच्चाई को समझने की कोशिश करेंगे।आइए जानते हैं कि कैसे यह डाइट आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकती है और इसके क्या प्रभाव होते हैं।



**पौधे आधारित डाइट के जरिए मिलते हैं सभी पोषक तत्व**

पौधे आधारित डाइट में विटामिन, खनिज और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। फल और सब्जियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं।इसके अलावा, अनाज और दालें प्रोटीन का अच्छा स्रोत होती हैं, जो मांसपेशियों के विकास के लिए अहम होते हैं। सही संतुलन बनाए रखने से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते रहते हैं, जिससे कमजोरी नहीं आती, बल्कि ऊर्जा बनी रहती है।

**क्या इस डाइट में होती है प्रोटीन की कमी?**

अक्सर कहा जाता है कि पौधे आधारित डाइट से पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता, लेकिन यह सच नहीं है। दालें, चने और टोफू और टेम्पेह जैसे सोया उत्पाद प्रोटीन के अच्छे स्रोत होते हैं। इनका नियमित सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन मिल सकता है, जिससे मांसपेशियां मजबूत रहती हैं और कमजोरी महसूस नहीं होती। सही संयोजन बनाकर खाने से सभी आवश्यक अमीनो एसिड भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं।

**क्या इस डाइट से कम हो जाती है ऊर्जा?**

पौधे आधारित डाइट अपनाने वाले लोग अक्सर ऊर्जा कम होने की शिकायत करते हैं, लेकिन इसका कारण गलत खान-पान होता है न कि खुद आहार प्रणाली। सही समय पर भोजन करना और संतुलित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स लेना ऊर्जा स्तर बनाए रखने में मदद करता है। ब्राउन राइस या ओट्स जैसे साबुत अनाज खाने से लंबे समय तक ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आप दिनभर सक्रिय रह सकते हैं और बिना थकावट महसूस किए काम कर सकते हैं।

**इस डाइट का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है सकारात्मक प्रभाव**

शोध बताते रहे हैं कि पौधे आधारित डाइट मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। फल और सब्जियों का सेवन करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर बनता है।

इसके अलावा, इस की डाइट अपनाने से नींद भी अच्छी आती है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों पर असर डालती है।

जब आप इस तरह की डाइट लेकर अच्छा महसूस करते हैं, तो आपकी कार्यक्षमता भी बढ़ जाती है और आप ज्यादा ऊजार्वान रहते हैं।

# दुनियाभर में बजा नंदमुरी बालकृष्णा की फिल्म डाकू महाराज का डंका, गेम चेंजर को पछाड़कर कूट डाले 56 करोड़

साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की मोस्ट अवेटेड फिल्म डाकू महाराज रविवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल ने विलेन का रोल प्ले किया है। अपने ओपनिंग डे पर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली डाकू महाराज ने रिलीज के पहले दिन वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी कमाल कर दिया है और अपनी हैरतअंगेज कमाई से सभी को हैरान कर दिया है। आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि डाकू महाराज ने पहले दिन वर्ल्डवाइड कितने करोड़ की कमाई की है।

डाकू महाराज तेलुगु सिनेमा की नई पेशकश के तौर पर 12 जनवरी दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, जिसके दम पर फिल्म ने पहले दिन कमाई के मामले में धमाल मचा दिया है। इसी बीच डाकू महाराज के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की लेटेस्ट रिपोर्ट सामने आई है।



वेबसाइट बॉलीवुड मूवीज रिव्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक डाकू महाराज ने पहले दिन वर्ल्डवाइड 56 करोड़ की शानदार कमाई की है। इन आंकड़ों को देखते हुए कहा जा सकता है कि डाकू महाराज को न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों का प्यार मिला है। इन फिल्मों के वर्ल्डवाइड ओपनिंग डे कलेक्शन को देखते हुए यह आसानी से कहा जा सकता है कि नंदामुरी बालकृष्ण के चाहने वाले पूरी दुनिया में मौजूद हैं।

नंदामुरी बालकृष्ण की डाकू महाराज फिल्म को बॉबी कोहली ने डायरेक्ट किया है और अपने डायरेक्शन से उन्होंने एक बेहतरीन एक्शन-मसाला फिल्म तैयार की है।

# 16 से शुरू होगा 'संस्कृति का महाकुम्भ'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। इसके अतिरिक्त यमुना पंडाल, सरस्वती पंडाल में भी 16 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे।

त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक सुरों का संगम होगा। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे तो यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे। पहले दिन सरस्वती पंडाल पर नौटंकी विधा से भी श्रद्धालु परिचित होंगे। पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

**गंगा पंडाल होगा मुख्य, त्रिवेणी-यमुना और सरस्वती पंडाल में भी होंगे विविध कार्यक्रम**

भक्ति व विरासत के इस उत्सव में गंगा पंडाल का मंच मुख्य होगा। 10, 000 दर्शकों की क्षमता के लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। यह भारत के प्रसिद्ध कलाकारों की भव्य प्रस्तुतियों का केंद्र है।

इसके अलावा दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल बनाया गया है। हां भी मेजबान उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन कलाकार अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे।

**महाकुम्भ-2025**

- **24 फरवरी तक चलेगा आयोजन, गंगा पंडाल को बनाया गया है मुख्य मंच, 10 हजार दर्शक ले सकेंगे आनंद**
- **गंगा पंडाल में काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से होगा आगाज, पहली शाम शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में आनंद की डुबकी लगाएंगे श्रोता**
- **यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय काशी के विद्यार्थी करेंगे मंगला चरण से शुभारंभ, आल्हा-बिरहा, नौटंकी विधा से भी परिचित होंगे श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी**

**16 जनवरी को होने वाले मुख्य कार्यक्रम**

गंगा पंडाल

प्रो. ऋत्विक सान्याल (वाराणसी)- शास्त्रीय/उप शास्त्रीय गायन
विचत्रानंदा स्वेन (भुवनेश्वर), ओडिशी नृत्य
कुशल दास (कोलकाता), सितार
शंकर महादेवन (मुंबई) व रविशंकर (उत्तर प्रदेश), भजन/सुगम संगीत

**यमुना पंडाल**

संस्कृत विद्यालय वाराणसी के बच्चों द्वारा मंगलाचरण
सान्या पाटनकर (राजस्थान), शास्त्रीय गायन
सहीराम पांडेय (गोंडा) आल्हा गायन
सरिता मिश्रा (लखनऊ) लोकगायन
रामप्रसाद (प्रयागराज) बिरहा गायन
पीयूषा कैलाश अनुज (दिल्ली) भजन
आरुषी मुद्गल (दिल्ली) ओडिशी नृत्य
अमरजीत (सोनभद्र) जनजाति लोकनृत्य

**सरस्वती पंडाल**

सौरभ बनौधा (सोनभद्र) बंसी वाद्यवृंद
श्वेता दुबे (वाराणसी), भजन गायन
श्रुति मालवीय (लखनऊ), भजन/लोकगायन
पद्मश्री रामदयाल शर्मा (दिल्ली) कृष्ण सुदामा नौटंकी।


# कानपुर में मौत बनकर घूमते कुत्ते ,शादी की सालगिरह के पहले योग शिक्षिका की भी ली जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** उत्तर प्रदेश का अर्थ सम्मेलन सेट जिला कानपुर महानगर आजकल आवारा कुत्तों की चपेट में है। पूरे शहर में मौत बनकर घूम रहे यह आवारा कुत्ते बीते 5 साल के अंदर अनेक लोगों की असमय मौत का कारण भी बन चुके हैं। वहीं कई घायल हुए लोग अपाहिज वाले हालातो से भी गुजर रहे हैं। इन्हीं आवारा कुत्तों ने एक योग शिक्षिका की भी जान ले ली। वह आगामी 19 फरवरी को अपनी शादी की 35 सालगिरह मनाने वाली थी साथ ही महाकुंभ स्नान करने के लिए 2 फरवरी को प्रयागराज भी जाने वाली थीं। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुताबिक काकादेव थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर्रा-1 जेड-1 ब्लॉक निवासी सुरेश यादव की पत्नी अन्नपूर्णा देवी (56) योग शिक्षिका थीं। वह घर-घर जाकर योगा सिखाती थीं। मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार वालों ने बताया कि घटना के समय योग शिक्षिका अन्नपूर्णा देवी काकादेव थाना क्षेत्र के नवीन नगर में योगा सिखाने के बाद स्कूटी से घर लौट रही थीं। तभी गुरुगोविंद सिंह स्टेडियम के पास आवारा कुत्तों ने उन्हें दौड़ा लिया। जिसके फल स्वरुप स्कूटी भगाने पर वह असंतुलित होकर सड़क किनारे बिखरी ईंटों पर जा गिरीं। हुक खुला होने से हेलमेट भी दूर जा गिरा। इससे सिर में गंभीर चोट लग गई। वहां मौजूद हॉस्टल के छात्र उन्हें पास के पनेसिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन युद्धपोतों को राष्ट्र को समर्पित किया,आत्मनिर्भर भारत को बताया मील का पत्थर

**मुंबई (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय नौसेना के लिए ऐतिहासिक क्षण में तीन प्रमुख युद्धपोत, सूरत, नीलगिरि, और वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने नौसेना की समृद्ध परंपरा और आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मैं देश की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को नमन करता हूं। ये दिवस हमारे जवानों के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है।

उन्होंने भारतीय नौसेना की समुद्री विरासत को सराहते हुए कहा, आज का दिन भारत की नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई दिशा और सामर्थ्य प्रदान किया। उनकी पावन धरती पर, आज हम 21वीं सदी की नौसेना को और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की सैन्य शक्ति को आधुनिक बनाने और विश्व मंच पर उसकी जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है और ग्लोबल साउथ में एक जिम्मेदार साथी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

# "डी मोंटफोर्ट एकेडमी में करियर काउंसलिंग कार्यशाला: छात्रों को मिला मार्गदर्शन"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** बुधवार को डी मोंटफोर्ट एकेडमी में करियर काउंसलिंग पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला शोभित यूनिवर्सिटी, मेरठ के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताः डॉ. मनोज शर्मा विभागाध्यक्ष, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड साइंसेज,डॉ. शलभ मल्होत्रा विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ बिजनेस साइंस एंड स्टडीज, इंजीनियर अजय वर्मा डिपार्टमेंट ऑफ आउटरीच सेल इन विशेषज्ञों ने छात्रों को प्रेरित करते हुए करियर मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज शर्मा ने कहा, "सही मार्गदर्शन छात्रों को उनके सपनों को साकार करने में सहायक होता है।" डॉ. शलभ मल्होत्रा ने करियर चुनते समय रुचि और क्षमता को प्राथमिकता देने की सलाह दी। वहीं, इंजीनियर अजय वर्मा ने कहा, "उद्योग की जरूरतों को समझते हुए खुद को तैयार करना सफलता की कुंजी है।"कार्यशाला ने छात्रों को उनके करियर की दिशा में सशक्त निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. के.के. शर्मा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि करियर काउंसलिंग से न केवल उनके करियर की दिशा स्पष्ट होती है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी रुचि और कौशल के आधार पर सही करियर विकल्प चुनें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करें।कार्यशाला के दौरान डी मोंटफोर्ट एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा कि करियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह समय अपने लक्ष्यों को पहचानने और उनके लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करने का है।उप प्रधानाचार्या नीना पांडे ने शोभित यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और छात्रों को इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।





## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में 150 लोगों की समस्याएं सुनीं

# न हो किसी के साथ अन्याय, समस्याओं पर तत्काल हो कारवाई : सीएम योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले।



मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही।

उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# आज सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बिजली सप्लाई रहेगी बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बहसूमा।** नई मशीन चेंज करने के कारण आज यानी दिन बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बहसूमा विधुत केंद्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बता दे की अधिशासी अभियंता बहसूमा राजेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विधुत केंद्र बहसूमा में मशीन चेंज करने का कार्य आज दिन यानी बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कराए जाने के कारण आवश्यक मेंटेनेंस सुधार कार्य किए जाने के कारण वितरण केंद्र से जुड़े कस्बे,गांव व जंगल की विद्युत सप्लाई आज यानी दिन बृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रहेगी। रोस्टर के पीरियड में 18 घंटे की सप्लाई पूरी कराई जाएगी।अधिशासी अभियंता बहसूमा राजेंद्र कुमार ने सभी उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए कहा कि समय से कार्य निपटाकर पीने का पानी भर ले और पशुओं का चारा समय से काट लें।

# नाले की नहीं हो रही सफाई, किसान के खेत में भरा गंदा पानी,फसल हो रही बर्बाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहसूमा।** ग्राम पंचायत मोड कला में गांव के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया था। किसानों के खेत के बराबर में बना नाला आज किसान के लिए मुसीबत बन गया है नाले से होकर गुजरने वाला गंदा पानी किसान के खेत में फेल कर उसकी फसल को बर्बाद कर रहा है। बता दें कि ग्राम पंचायत मोड कला से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया गया था जो आज जगह-जगह टूट गया है जिसका गंदा पानी किसान के खेत में भरा हुआ है जिससे गंभीर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है इसकी सूचना शासन प्रशासन को कई बार दी जा चुकी हैं लेकिन ग्राम पंचायत से लेकर तहसील प्रशासन तक कोई भी अधिकारी मौके पर जांच के लिए अभी तक नहीं पहुंचा है किसान विकास कुमार का कहना है कि उसकी गन्ने की फसल में नाले का गंदे पानी भरा हुआ है। जिससे उसको काफी नुकसान हो रहा है इससे किसान काफी मायूस और परेशान है किसान का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक इसकी कोई साफ सफाई नहीं हुई। किसान विकास कुमार का कहना है कि उसके खेत में गन्ने की फसल खड़ी हुई है जिसमें गन्ना की फसल में गंदा पानी भरा हुआ है जिसकी छिलाई करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। किसान विकास कुमार का कहना है कि अगर उनका समाधान नहीं किया गया तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे।



# स्वच्छ महाकुंभ: अमृत स्नान के बाद सफाई अभियान शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

- **दो दिन में 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी**
- **घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान, पूरे मेला क्षेत्र को किया जा रहा क्लीन**
- **स्नान के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से भी स्वच्छता बनाए रखने की हो रही अपील**

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत 2 दिनों में महाकुम्भ में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**जगह-जगह फैली गंदगी को हटाने में जुटा प्रशासन**

मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है।



**शौचालयों की सफाई पर विशेष अभियान**

मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रहीहै। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है। पार्किंग से लेकर घाटों तक स्थापित किए गए शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विगत दो दिनों में बड़ी संख्या में इन शौचालयों का उपयोग किया गया है, जिसके बाद इन्हें फिर से उपयोग में लाए जाने के लिए की आवश्यकता को देखते हुए मेला प्रशासन ने उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

**श्रद्धालुओं से भी स्वच्छता की अपील**

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। उचित स्थानों पर कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। घाटों पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार श्रद्धालुओं से यह अपील की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी प्रशासन की अपील पर सहयोग करते हुए कचरे को घरों पर स्थापित डस्टबिन में ले जाकर डाल रहे हैं।

**समीक्षा**

## मुख्यमंत्री ने की महाकुम्भ के तीन दिनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

# मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना, युद्धस्तर पर करें तैयारी: मुख्यमंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते 03 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 06 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशन ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में 247 बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए।

- **मुख्यमंत्री का निर्देश, रेलवे से समन्वय बनाकर सतत और समयबद्ध कराएं ट्रेनों का संचालन, बेहतर हो मोबाइल नेटवर्क**
- **बोले मुख्यमंत्री, हर सेक्टर में 247 जारी रहे बिजली और पानी की आपूर्ति, घाटों की हो बेरिकेडिंग**
- **मुख्यमंत्री का निर्देश, हर जिले से चलाई जाए बसें, प्रयागराज में ई-बसें,शटल बसें लगातार चलती रहें**



बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने की जनसुनवाई, आयोग के पदाधिकारियों ने भी जनपदों में की महिला जनसुवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा आज आयोग मुख्यालय लखनऊ पर महिला जनसुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान 49 प्रचलित प्रकरणों के साथ आयोग मुख्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये 09 पीड़ित आवेदिकाओं/आवेदकों द्वारा दिये गये नवीन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न माध्यमों से आयोग कार्यालय में प्राप्त 196 नवीन प्रार्थना पत्रों पर भी त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश के 23 जनपदों उन्नाव, फतेहपुर, सीतापुर, रायबरेली, मेरठ, हमीरपुर, इटावा, अम्बेडकरनगर, जालौन, शाहजहांपुर, अलीगढ़, मिजार्पुर, गाजीपुर, पीलीभीत, फरुर्खाबाद, महोबा, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, सहारनपुर, बिजनौर, बुलन्दशहर, शामली व मैनपुरी में भी आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव एवं सदस्यों द्वारा मिशन-शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, विभिन्न महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267